Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -279 रविवार ,14 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

विपत्ति से बढ़कर तर्जुबा सिखानेवाला विद्यालय आज तक नहीं खुला।

-प्रेमचंद-

## संक्षिप्त समाचार



### 7 शव बरामद,अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि

**बांदा नौका दुर्घटना**

**फतेहपुर/बांदा, 13 अगस्त 2022।** फतेहपुर जिले में दो दिन पहले नौका पलटने से जिन 17 लोगों के डूबने की आशंका थी उनमें से सात के शव शनिवार को जिले में यमुना नदी से निकाले गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इन शवों के बरामद होने के साथ ही गुरुवार को बांदा जिले के समगरा गांव में हुई त्रासदी में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें एक शव राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम मरका ले गयी। पुलिस के अनुसार, फिलहाल शवों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तिवारी ने बताया कि ये शव घटनास्थल से करीब 15-20 किलोमीटर दूर बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र के समगरा गांव के घाट से 30 से अधिक लोग नौका में सवार होकर यमुना नदी पार कर फतेहपुर जिले के कौहन घाट जा रहे थे, तभी बीच जलधारा में नौका डूब गई थी।

### कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी फिर कोरोना संक्रमित

**नयी दिल्ली, 13 अगस्त 2022।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी फिर कोरोना संक्रमित हो गयी हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को ट्विटर पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने ट्वीट किया, आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की कोविड-19 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वह सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आइसोलेशन में रहेंगी। गौर हो कि कुछ दिन पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी कोविड से संक्रमित हो गई थीं। सोनिया गांधी इससे पहले जून में कोविड से संक्रमित हुई थीं। संक्रमण के बाद की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के चलते वह कई दिनों तक सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती रही थीं।

## 80 साल से ऊपर का हूं और स्वास्थ्य बिगड़ रहा है

# आसाराम की याचिका पर गुजरात सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली , 13 अगस्त 2022।** सुप्रीम कोर्ट ने स्वयंभू संत आसाराम बापू द्वारा दायर याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आसाराम द्वारा इस आधार पर जमानत मांगी गई है कि उसकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है और उसका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने गुजरात सरकार से जवाब मांगा और मामले की सुनवाई 7 सितंबर को तय की है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के बलात्कार के एक मामले में जमानत अर्जी खारिज किए जाने के खिलाफ जेल में बंद आसाराम की ओर से दायर अपील पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। बेंच ने गुजरात हाईकोर्ट के 10 दिसंबर, 2021 के आदेश को चुनौती देने वाली आसाराम की अर्जी पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

आसाराम ने यह कहते हुए जमानत मांगी कि मुकदमे के निष्कर्ष पर पहुंचने का कोई संकेत नहीं है। 2018 में आसाराम को राजस्थान की एक विशेष अदालत ने अपने आश्रम में एक नाबालिग के साथ बलात्कार के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।



बेंच ने कहा कि संबंधित फैसले की प्रमाणित प्रति और आधिकारिक अनुवाद की कॉपी दाखिल करने से छूट के लिए आवेदन को मंजूरी दी जाती है। नोटिस जारी किया जाए और उसका जवाब सात सितंबर, 2022 तक दिया जाए।

अपनी जमानत अर्जी में आसाराम ने इस आधार पर राहत का अनुरोध किया है वह 80 वर्ष से अधिक उम्र का है और उसका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। आसाराम को 2018 में राजस्थान की एक विशेष अदालत ने अपने आश्रम में एक नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम के आश्रम में 1997 से 2006 के बीच रहने वाली सूरत की दो बहनों ने आसाराम और उसके बेटे नारायण साई के खिलाफ अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई थी। बड़ी बहन ने आसाराम के खिलाफ अपनी शिकायत में उस पर 2001 से 2006 के बीच कई बार यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, जब वह अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में उनके आश्रम में रह रही थी।

26 अप्रैल, 2019 को सूरत की एक अदालत ने नारायण साई को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 323 (हमला), 506-2 (आपराधिक धमकी), और 120-बी (साजिश) के तहत दोषी ठहराया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## दो दर्जन पीएम उम्मीदवारों की सूची का इंतजार है...मुख्तार अब्बास नकवी का विपक्ष पर तंज

**नई दिल्ली, 13 अगस्त 2022।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्ष का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उन्हें विपक्ष के दो दर्जन पीएम उम्मीदवारों की सूची का इंतजार है। बता दें कि विपक्ष की ओर पीएम कैंडिडेट में नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और अब अखिलेश यादव का नाम भी सामने आ रहा है। नकवी ने यूपी के रामपुर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी फोबिया की राजनीतिक बीमारी से ग्रसित लोग जल्द ही गायब हो जाएंगे।



उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ÷मोदी फोबिया की राजनीतिक बीमारी÷ से पीड़ित लोग जल्द ही गायब हो जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि ÷निराशावादी राजनीतिक खिलाड़ियों÷ का दिखावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी मेहनत और ईमानदारी को कभी नहीं हरा सकता है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने (विपक्ष) पहले ही दो दर्जन प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची तैयार कर ली है।

## सत्येंद्र जैन के साथ जो हुआ वही मनीष सिसोदिया के साथ होगा,शराब नीति पर बोले संबित पात्रा

**नई दिल्ली, 13 अगस्त 2022।** भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर एक बार फिर हमला बोला. पात्रा ने कहा कि दिल्ली में शराब के ठेके बेचे गए हैं. इस मामले में मनीष सिसोदिया की भूमिका है. उन्होंने यहां तक कह दिया कि जो सत्येंद्र जैन के साथ हुआ है, वही मनीष सिसोदिया के साथ होगा. कानून से सुरक्षा नहीं मिलेगी. बता दें कि केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे हैं और ईडी ने 30 जून को गिरफ्तार किया था. तब से वह जेल में हैं.

पात्रा ने कहा कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार 2019-20 तक चार साल की अवधि में दिल्ली का कर्ज 7त्न बढ़ा है. कैग की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार विकास निधि का उपयोग करने में विफल रही और इसलिए यह नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि 39 योजनाएं सिर्फ कागज हैं. 39 योजनाओं पर एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ.



**नौकरी देने के नाम पर झूठे दावे कर रहे केजरीवाल**

पात्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने एक भाषण में दावा किया कि उन्होंने 10 लाख लोगों को नौकरी दी. एक आरटीआई के जवाब में सिर्फ 3,246 लोगों को नौकरी दी गई. एक अन्य आरटीआई में खुलासा हुआ कि उन्होंने सिर्फ 849 लोगों को नौकरी दी. उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी और मनीष सिसोदिया जी भली भांति जानते हैं कि जो हाल सत्येंद्र जैन का हुआ है, वही हाल मनीष सिसोदियाजी का होने वाला है.

**शराब माफिया दोस्तों के 144 करोड़ माफ किए, फिर फैसला बदला**

उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से वो गलत हैं, ये वो (केजरीवाल-सिसोदिया) भली-भांति जानते हैं. इसलिए इन्होंने ये निर्णय लिया है कि चलो हंगामा बरपाएं. पात्रा ने ये भी आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अपने शराब माफिया दोस्तों का 144 करोड़ रुपया माफ करके याराना निभाया.।

## अयोध्या की रामलीला में बीजेपी के ये 3 सांसद निभाएंगे किरदार, विंदू दारा सिंह बनेंगे हनुमान



**अयोध्या, 13 अगस्त 2022।** अयोध्या की रामलीला के चर्चे पूरे विश्व में हैं. इस बार रामलीला को और भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है. जहां एक तरफ इस बार दर्शकों के लिए बड़ी स्क्क्रष्ठ की व्यवस्था की जा रही है तो दूसरी तरफ खास यह है कि इस बार रामलीला में भाजपा के तीन सांसद किरदार निभाते नजर आएंगे.

सरयू नदी के किनारे होने वाली इस रामलीला में बॉलीवुड के कई बड़े सेलिब्रिटी भी नजर आएंगे. अयोध्या की रामलीला के तीसरे संस्करण का मंचन 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक किया जाएगा. सरयू नदी के किनारे अयोध्या के लक्ष्मण किले के प्रांगण में होने वाली सबसे बड़ी रामलीला के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

अयोध्या की रामलीला में आजमगढ़ के सांसद और भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ लक्ष्मण के किरदार में दिखाई देंगे. तो वहीं अभिनेता से नेता बने मनोज तिवारी परशुराम, गोरखपुर के सांसद रवि किशन केवट राज की भूमिका में नजर आएंगे.

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भूमिका में राहुल बुच्चर नजर आएंगे. इसके अलावा हनुमान का किरदार बिंदु दारा सिंह निभाने वाले हैं. माता सीता का किरदार दीक्षा रैना निभाने जा रही हैं. वहीं दमदार आवाज के लिए पहचाने जाने वाले शाहबाज खान रावण की भूमिका में दिखेंगे. नारद के रूप में गुफी पेंटल नजर आएंगे. अभिनेता गजेंद्र चौहान को महाराज जनक बनाया जाएगा. महाराज दशरथ का किरदार गिरजा शंकर और सदाबहार रजा मुराद विश्वामित्र की भूमिका में नजर आएंगे.

कपिल शर्मा शो में बुआ का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री उपासना सिंह कैकेयी का रोल निभाएंगी. जानी-मानी अभिनेत्री भाग्यश्री शबरी के रूप में दिखेंगी. कौशल्या के किरदार का मंचन ममता जैन करेंगी. सूपनखा के रूप में दीप्ति होंगी.

**1600 फीट की एलईडी**

रामलीला स्थल के भूमि पूजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है. अयोध्या की रामलीला के तीसरे संस्करण का मंचन 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक किया जाएगा. इस बार खासतौर पर 1600 फुट की एलईडी स्क्रीन तैयार की जाएगी. भूमि पूजन के दौरान यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे.

**रामलीला के रिकॉर्ड दर्शक**

साल 2020 से प्रारंभ हुई अयोध्या की रामलीला को 16 करोड़ दर्शकों ने देखा था. वहीं साल 2021 में यह आंकड़ा 22 करोड़ पहुंचा था.

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी का कहना है कि इस बार दर्शकों का यह आंकड़ा 25 करोड़ को पार करेगा.

## अफगानिस्तान और पंजाब के बीच ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश,मुख्य हैंडलर गिरफ्तार

» **हिमाचल प्रदेश से हुई गिरफ्तारी**

» **पंजाब में हेरोइन का मेन सप्लायर**

**नई दिल्ली, 13 अगस्त 2022।** अफगानिस्तान और पंजाब के बीच ड्रग्स ट्रैफिकिंग के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो गया है. क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने इस नेटवर्क का भंडाफोड़ करके इसके मुख्य हैंडलर को गिरफ्तार किया है. एएनटीएफ ने इस मामले में अमृतसर के निवासी पंकज वैद्य उर्फ संजू बाबा को गिरफ्तार किया है.

पिछले महीने एएनटीएफ ने एक ऑपरेशन में अफगानिस्तान से चल रहे ड्रग नेक्सस का पर्दाफाश किया था. इस ऑपरेशन के दौरान उसने 21.4 किलोग्राम की अच्छी क्वालिटी की हेरोइन जब्त की थी. इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 130 करोड़ रुपये आंकी गई थी. इस कार्रवाई के वक्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था. इसमें एक अफगान नागरिक भी शामिल था.



मामले की जांच के दौरान पता चला कि हेरोइन की इस सप्लाई की कड़ी अमृतसर से जुड़ी है, पंकज वैद्य इस पूरे कार्टेल के मुख्य लिंक में से एक है और ड्रग्स का मेन सप्लायर है. दिल्ली में अपने सहयोगियों के माध्यम से वह अफगानिस्तान से हेरोइन की खरीद करने के बाद पूरे पंजाब में इसकी सप्लाई करने का सिंगल कॉन्टैक्ट है. पंकज वैद्य के सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद वह अंडरग्राउंड हो गया और अपने ठिकाने बदलने लगा. इसके बाद दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में कई जगह छापेमारी की गई.

ANTF ने पंकज वैद्य उर्फ संजू बाबा को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है. उसके पास से दो कार बरामद की गई हैं. इनमें एक होंडा सिटी और एक टोयोटा ग्लांजा है. इतना ही नहीं 6 ऐसी संपत्तियों की भी पहचान की गई है जो उसने ड्रग के पैसों से खरीदी थी।

## चंडीगढ़ में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, क्रिकेट स्टेडियम में 7000 छात्रों ने बनाया ह्यूमन तिरंगा




**नई दिल्ली, 13 अगस्त 2022।** आगामी 15 अगस्त को देश की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर देशभर में आज से हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में तिरंगा को लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। जानकारी के अनुसार, यहां एक क्रिकेट स्टेडियम में ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस तिरंगे में 7000 छात्रों ने ह्यूमन चेन बनकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी भूमिका निभाई।

15 अगस्त को देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो जाएंगे। इसलिए इस साल केंद्र सरकार की मुहिम के तहत देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज से हर घर तिरंगा यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सबसे बड़े ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस चेन में 7000 छात्रों ने भाग लिया।

## मछली पकड़ने के सदियों पुराने तरीके क्रीक से 72 घंटे में 500 किलो कचरा शुद्ध

**मुंबई, 13 अगस्त 2022।** अरब सागर में प्रदूषकों के प्रवाहित होने से पहले केवल 3 दिनों में पारंपरिक मछली पकड़ने की तकनीक का उपयोग करते हुए वर्सोवा-मलाड क्रीक के पानी से लगभग 500 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट एकत्र किया गया है। अपशिष्ट-फिल्टर जून में वर्सोवा-मलाड क्रीक में स्थापित किया गया था, जो कि खाड़ी में डंप किए गए ठोस कचरे को %पकड़ने% के लिए दीर्घकालिक समाधान तैयार करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया था। मछली पकड़ने के जाल का उपयोग करके ठोस कचरे को फंसाने के लिए और समुद्र में जाने से पहले पुनर्नवीनीकरण किया जा सकता है, नव प्रवर्तनकर्ताओं ने कहा केवल 72 घंटों में 500 किलोग्राम से अधिक ठोस कचरे को फंसा दिया गया है। जिसमें ज्यादातर प्लास्टिक जिसे मछुआरों के लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए पुनर्नवीनीकरण किया जा सकता था।



सरल समाधान में 5 टन से अधिक कचरे को साफ करने की क्षमता है। कचरा, और मलाड क्रीक में लगभग 25 टन ठोस कचरा हर महीने एकत्र किया जा सकता है, इसके कई आउटलेट्स पर ऐसे नेट फिल्टर लगाए जाते हैं।

मछुआरे इस बात पर अफसोस जताते हैं कि कैसे ठोस कचरे की मात्रा खाड़ियों में तैरती है और अरब सागर में ले जाती है। पिछले कुछ दशकों में इस कचरे में भारी वृद्धि देखी गई है, जबकि मुंबई प्रतिदिन लगभग 10,000 टन ठोस कचरा उत्पन्न करता है।

हम मछली पकड़ने के लिए खाड़ियों में जाल लगाते हैं और हमें लगा कि कचरे को फंसाने के लिए उसी तकनीक को तैनात किया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि सरकार इस पर ध्यान देगी और हमारी आजीविका की रक्षा और जल प्रणालियों को प्रदूषण मुक्त रखने के हित में हमारा समर्थन करेगी।

समुद्र के पानी और शहर के अन्य जल निकायों में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करके पर्याप्त लाभ के साथ यह एक उत्कृष्ट पहल हो सकती है। एमएमएम के हरप्रीत भुल्लर ने नागरिक निकाय और युवाओं से आग्रह किया है।

## चित्तौड़गढ़ में बड़ा हादसा,एसिड से भरा टैंक फटा- 2 कर्मचारियों की मौत और 9 झुलसे

**चित्तौड़गढ़ ,13 अगस्त 2022।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में बड़ा हादसा सामने आया है। निकटवर्ती पुठोली स्थित हिंदुस्तान जिंक प्लांट में एसिड का टैंक फटने से 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 9 झुलस गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया है। जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांधु के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से एसिड का टैंक फट गया और आस-पास काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। हादसे में दो की मौत हो गई। वहीं 9 झुलसे लोगों को जिला चिकित्सालय लाया गया जिनमें से पांच की हालत गंभीर है।

# भाजपा ने कांग्रेस विधायक से माफी मांगने पर दिया जोर,महिलाओं पर की थी विवादित टिप्पणी

**बेंगलुरु, 13 अगस्त 2022।** कर्नाटक में कांग्रेस विधायक कि एक विवादित टिप्पणी के बाद राजनीति गर्म हो गई है। भाजपा ने शनिवार को विधायक और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रियांक खड़गे से अपनी टिप्पणी पर तत्काल माफी मांगने को कहा है। पिछले दिनों कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने कहा था कि राज्य में सरकारी नौकरी पाने के लिए युवाओं को रिश्वत देनी पड़ती है और युवा महिलाओं को किसी के साथ सोना पड़ता है।

प्रियांक खड़गे के इस विवादित बयान के बाद भाजपा कर्नाटक इकाई ने अपने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि हजारों महिलाएं, प्रतिभाशाली, शिक्षित, संघर्ष के साथ परीक्षा पास करती हैं और नौकरी पाती हैं। प्रियांक खड़गे, क्या आपको नहीं लगता कि आपने उन सभी महिलाओं का अपमान किया है? इस बयान पर आप तुरंत माफी मांगें।

भाजपा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की कई गुप्त सीडी हैं। तथाकथित कांग्रेस नेताओं की नाइटलाइफ पर कई किस्से हैं। साथ ही भाजपा ने कहा कि जूनियर खड़गे यदि आप अच्छे नेताओं के रूप में समाज को पेश करने वाले कांग्रेस नेताओं के दोहरे चेहरे का पर्दाफाश करते हैं, तो आपको बचाव करना मुश्किल होगा।

**भाजपा ने पूछा, दिग्विजय और अभिषेक की सीडी के बारे में क्या है कहना**

भाजपा ने अपनी पोस्ट में कहा, %कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान मंत्री मेती द्वारा एक असहाय महिला का यौन उत्पीड़न किया गया था। यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने दिग्विजय और अभिषेक की आई सीडी के बारे में आपका क्या कहना है?



भाजपा ने दावा किया कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे को यह नहीं पता कि उनका घर (पार्टी) ठीक नहीं है। साथ ही भाजपा ने कहा कि जब वह (प्रियांक) भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं, तो राज्य में कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री जयमाला का भ्रष्टाचार कांड सामने आ गया है।

**खड़गे ने सरकार पर रिक्त पदों को नहीं भरने का भी लगाया था आरोप**

बता दें कि प्रियांक खड़गे ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा था कि पिछले तीन साल से राज्य में रोजगार पैदा करने में राज्य सरकार की उपलब्धि शून्य है। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा रिक्त पदों को नहीं भर रही है।

उन्होंने कहा था कि सरकारी नौकरी पाने के लिए युवा महिलाओं को बिस्तर पर जाना होगा और पुरुषों को कर्नाटक सरकार में रिश्वत देनी होगी। उन्होंने भर्ती घोटालों की जांच एसआईटी से कराने और फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की मांग की थी।

गौरतलब है कि प्रियांक खड़गे ने कर्नाटक सरकार में शामिल एक मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने मंत्री पर आरोप लगाया था कि कुल 600 पदों के लिए सौदा किया गया और कर्नाटक पावर ट्रांसफॉर्मेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पदों के साथ 300 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया था कि करीब तीन लाख उम्मीदवारों ने पदों के लिए आवेदन किया है और भाजपा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

# संपादकीय

## कर्ज संकट का साया

तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। श्रीलंका के डिफॉल्ट करने के बाद अब नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि दुनिया के तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। तमाम आर्थिक विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं। श्रीलंका पहले ही डिफॉल्ट कर चुका है। अब विशेषज्ञों की नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है। पाकिस्तान के सामने विदेशी मुद्रा का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ट्यूनिशिया के लिए अपनी बजट जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। घाना और केन्या पर कर्ज का भारी बोझ है। एल सल्वाडोर के बॉन्ड मैच्यूरो होने वाले हैं। वैसे मुसीबत में अर्जेंटीना भी है। वह अभी तक 2018 में पैदा हुए मुद्रा संकट के असर से ही नहीं उबर पाया है। तो यह साफ है कि अमेरिकी मुद्रा डॉलर के लगातार मजबूत होने से दुनिया के अनेक देशों में मुसीबत बढ़ी है। दुनिया की लगभग तमाम मुद्राओं के मुकाबले डॉलर का भाव असामान्य रूप से बढ़ा है। इसका अमेरिका के लोगों को भले फायदा हो रहा हो, लेकिन अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा गई हैं।

वजह यह है कि दुनिया का आधे से ज्यादा कारोबार आज भी डॉलर में होता है। इसके अलावा ज्यादातर देशों अंतरराष्ट्रीय बाजार से डॉलर में कर्ज लेते हैं। अब डॉलर महंगा होने से कर्ज के रूप में उन्हें ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही है। उधर डॉलर की कमी के कारण उनके लिए आयात मुश्किल हो गया है। ज्यादातर विकासशील देशों पर विदेशों से डॉलर में लिए कर्ज का बोझ ज्यादा रहता है। उन देशों के लिए कर्ज और ब्याज को चुकाना अब ज्यादा मुश्किल हो गया है। उधर ऐसे देशों से पूंजी के पलायन बड़ी मात्रा में हुआ है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अब डॉलर में पैसा लगाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने विकाशील अर्थव्यवस्था से अपना पैसा निकाला है। इससे विभिन्न देशों की मुद्राओं का भाव गिरा है। इसका परिणाम सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट के रूप में सामने आएगा। देश जरूरत के मुताबिक आयात नहीं कर पाएंगे। उसका असर देश के अंदर उत्पादन पर पड़ेगा। ऐसा अभी कई देशों में होता दिख रहा है।

# बुद्धि गंवाई,और उज्जड़ बने!

भारतीय उपमहाद्वीप पृथ्वी का प्राचीनतम सांस्कृतिक भूभाग है। जल्दी ही भारत आबादी में दुनिया का नंबर एक देश होगा। ऐसे देश के 140 करोड़ लोगों का जीवन कैसा होना चाहिए? खुशहाल, संतोषी, सफल जीवन। पर सत्य क्या है? लोगों का अव्यवस्था-केहोस-भ्रष्टाचार में लावारिस जीवन! कोई एक सौ करोड़ लोग पांच किलो राशन या पांच सौ, हजार, दो हजार रुपए की खैरात पर जीते हुए हैं। विश्व की सर्वाधिक दीन-हीन, निर्धनतम भीड़ का देश है भारत! आर्थिकी में पराश्रित (चीन) और देशी-क्रोनी ईस्ट इंडिया कंपनियों की बेइंतहां लूट। एटमी महाशक्ति के बावजूद दुश्मनों से असुरक्षित देश। धर्म, समाज, राजनीति व नेतृत्व में हर तरफ सड़ांध। लोगों का बेबस, भयाकुल और अंधविश्वासी जीवन।

भला कैसे आजादी के पचहतर वर्षों में भारत ऐसा देश बना? कौन है संतुष्ट? किसे नहीं है भविष्य की चिंता? कौन नहीं है भूखा? राजनीति का क्या बना है? समाज कैसी किस्सागोई लिए हुए है? धर्म कैसा जड़ है। सनातनी सभ्यता-संस्कृति में कैसी-कैसी कुरूपताएं हैं? क्या आजादी ने उन सनातन मूल्यों को नहीं गंवा दिया, जिनसे डेढ़ सहस्त्राब्दी की दासता के बावजूद संस्कृति धड़कती रही? जो देश सभ्यता का 'द वंडर दैट वॉज इंडिया' का पालना था, वह कैसे जहालत-काहिली का कुआं बना हुआ है? क्यों भारत बुद्धिहीनता के अंधकार में है? क्यों भारतीयों की आंखें, दिल-दिमाग और बुद्धि में सत्य देखने व समझने की सामर्थ्य नहीं? क्यों वह पुरुषार्थी और स्वाभिमानी नहीं है?ज्असंख्य सवाल। इसलिए जरूरी है कि 15 अगस्त 1947 की नींव और सफर पर नए सिरे से विचार हो। सो, गौर करें मेरे इस मंथन पर-ज

भारत आज क्या है? उसका जीवन, उसकी सांस, उसकी आवाज में क्या धड़कता और गूंजता हुआ है? क्या राष्ट शरीर का खून झूठ से काला नहीं है? क्या मनुष्य शरीर प्रदूषणों में धड़कता हुआ नहीं है? हवा-पानी, खाना-पीना ही नहीं, बल्कि दिमाग का झूठ और भय के प्रदूषणों में आम और खास सभी का जीवन हाफंता हुआ। जैसे देश का दिमाग, नैरेटिव और दिशा वैसे ही नागरिकों का खामोख्याली में भटका हुए जीवन। अपने हाथों, अपने कर्मों से भयाकुल, मुफ्तखोर समाज की रचना करते हुए लोग इस इलहाम में जी रहे हैं कि हम विश्वगुरू हो रहे हैं।

उफ! विश्व गुरू का जुमला और समाज बिखराव तथा असुरक्षा की अंधेरी सुरंग की और बढ़ने की रियलिटी। यह पचहत्तर वर्षों का सतत अनुभव है। समाज में कितने झगड़े हुए? कितनी परस्पर खुन्नस बनी? कैसे आर्थिकी में गरीबी और असमानता बावजूद उन जुमलों के बढ़ी जो आजादी से लोग लगातार सुनते आए हैं। तभी जुमलों पर पहले विचार होना चाहिए। किस-किस ने नहीं बोले जुमले! उनसे लोगों का क्या बना है, क्या बनता है, यहीं 75 वर्षों की त्रासदी है। असली भारत कहानी है। समाजवाद, जनकल्याण, गरीबी हटाओ, धर्मनिरपेक्षता, लोक कल्याण, भ्रष्टाचार मुक्ति और सबका साथ-सबका विकास, तुष्टिकरण नहीं तृप्तिकरण जैसे इतनी तरह के ऐसे-ऐसे जुमले भारत में बने हैं कि तीन पीढ़ियां शब्दों की जुगाली में इंतजार करते-करते मर गई मगर आम लोगों का जीवन पशु रेवड़ से बाहर नहीं निकला। भारत में मानव गरिमायुक्त जीवन कितने करोड़ लोग जीते हुए हैं? अपना अनुमान है कि शासकों-नेताओं-अफसरों-क्रोनी मेहरबानियों के व्यापारियों के कुल कुलीन वर्ग की संख्या तीन (या ज्यादा से ज्यादा पांच) करोड़ भी नहीं होगी। ये तीन करोड़ लाठीवान, सत्तावान, कलमवान भारत की 135 करोड़ आबादी पर वैसे ही राज करते हुए जैसे अंग्रेज, मुगल अपने कोतवालों के जरिए आजादी से पहले करते थे।

15 अगस्त 1947 से पहले भारत का आम अनपढ़, गरीब भी गांधी, नेहरू, भगत सिंह के चेहरों से विश्वास बना बैठा था कि आजादी मिलेगी तो रामराज्य आएगा। अपनी सरकार होगी। विदेशियों की लूट और भ्रष्टाचार खत्म होगा। थानेदारों, पुलिसवालों, अफसरों की मनमानी खत्म होगी। लगान वसूली घटेगी। गुलामी के समय लोगों का जीवन तब बेसुध और बेबस था। फिर भी वे आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहे नेताओं के चेहरों से उम्मीद बनाते हुए थे। हजार साल की गुलामी से मुर्दा हुई कौम जिंदा होती हुई थी। और ठीक पचहत्तर साल बाद सन् 2022 में आज क्या सीन है? हिंदू क्या मान रहा है? मुसलमान क्या जान रहा है? जातियां क्या चाह रही हैं? आबादी याकि जात-पात और लोगों में या तो भूख है या बदले की भावना है या भय है! इतने विशाल पैमाने पर, अखिल भारतीय स्तर पर, भारत के इतिहास में 75 सालों का जीवन आज भी संसद से यह सुनता हुआ है कि देश के लोगों हमारे नेता का शुक्रिया करो, जो अनाज मिल रहा है। भूखे नहीं मर रहे हो। क्या दुनिया में इस तरह जलालत में जीने वाली कोई दूसरी कौम है? किसी भी तरह सोचें, इस सवाल का जवाब त्रासद होगा कि 75 वर्षों के सफर के बाद भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोग आज जैसे स्वभाव और व्यवहार में ढलते हुए हैं वह अमृत है या विष? इक्कीसवीं सदी और उसका तीसरा दशक.. भारत का नागरिक, समाज और सरकार जिस आचार-विचार से जी रहे हैं वह है क्या?

हिसाब से आजादी के 75 वर्षों में भारतीयों में यह समझने की बुद्धि बननी थी कि दुनिया की अन्य प्राचीन सभ्यताओं की तुलना में हमने अपने सफर में क्या पाया, क्या गंवाया लेकिन दुर्भाग्य जो समझदारी नहीं बनी। आजादी से पहले की तरह ही खामोख्याली, मूढ़ता, भक्ति, गुलामी और भय की तंत्रिकाओं में भारतीय मष्तिष्क जकड़ा हुआ है। न सत्य देख, सुन और समझ सकता हैं और न विचार कर सकता है।

इसलिए अहम सवाल है कि आजादी ने लोगों को और भारत माता को क्या दिया है? 15 अगस्त 1947 के बाद 140 करोड़ लोगों के जीवन जीने की क्वालिटी में कैसी क्या श्रीवृद्धि हुई है? भारत राष्ट्र-राज्य में जीना स्वर्ग, रामराज्य माफिक है या जीने की मुश्किलों का नरक है? पंडित नेहरू का आइडिया ऑफ इंडिया हो या नरेंद्र मोदी का आइडिया ऑफ इंडिया, इन सबसे भारत और खासकर हिंदुओं की सभ्यता-संस्कृति का क्या बना? हिंदुओं की प्राचीन सनातनी संस्कृति की गरिमा और गौरव की श्रीवृद्धि हुई या वह उलटे उज्जड़, जंगली, अंधविश्वासी, नकलची, बुद्धिविहीन मानव स्वभाव से कलंकित हैं? सबसे बड़ी और गंभीर बात जो भारतीयों का जीना बिना इस सुध के है कि बाकी सभ्यताएं कैसे आगे बढ़ी हैं, वे कैसा जीवन जी रहे हैं और हम कैसा?

### नौ दिन चले अढ़ाई कोस

निश्चित ही आज जो है वह स्वंतत्रता सेनानियों, संविधान निर्मताओं, नियंताओं के बनवाए सफर से है। पंडित नेहरू और उनके बनवाए संविधान, उनकी धर्मनिरपेक्षता की विरासत से है। फिर नरेंद्र मोदी और उनके हिंदू आइडिया ऑफ इंडिया से निर्मित दशा-दिशा से है। मोटा मोटी दिल्ली की प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे सभी 15 नियंताओं (गुलजारीलाल नंदा सहित) से भारत की दिशा का वहीं सत्य प्रमाणित है कि हस्ती है कि मिटती नहीं तो हस्ती बनती भी नहीं! तभी आश्चर्य नहीं जो पचहत्तर सालों के सफर के परिणामों में भारत का मौजूदा जनजीवन अंग्रेजों के वक्त से अधिक अनुपात में पराश्रित, लावारिस, हरामखोर और बेगारी में जीता हुआ है। घर-परिवार नैतिक मूल्यों की बरबादी से रोते हुए हैं। समाज टूटता हुआ है। राष्ट जीवन बिखरने की ओर है। भारत पचहत्तरवीं वर्षगांठ पर बिखराव और पानीपत की तीसरी लड़ाई का वह हर सिनेरियो लिए हुए है, जिसे इतिहास कई बार देख चुका है।

कोई कहे यह सब झूठ तब सोचें पिछले 75 वर्षों में भारत माता ने क्या पाया? क्या जातियों की परस्पर लड़ाई-छीना झपटी अब भारत के संविधान से वैधानिक रूप से मान्य नहीं है? जातियों से बिखराव, वैमनस्य, दुर्भावना का सार्वजनिक जहर क्या गली मोहल्लों तक नहीं पहुंचा हुआ है? क्या घर-परिवार में रिश्ते, समाज में जातियों के रिश्ते, धर्म-पंथ-संप्रदायों के परस्पर रिश्ते जहरीले-कटीले नहीं हैं? क्या अमीर-गरीब की असमानता भयावह नहीं है? क्या लोगों का नैतिक-बौद्धिक-धर्मानुगत चरित्र घृणास्पद, बदबूदार नहीं है? क्या भारत विदेश पर और अधिक निर्भर नहीं है? क्या 140 करोड़ लोगों की आर्थिकी दो-चार देशी ईस्ट इंडिया कंपनियों और चीन की बंधक नहीं है? क्या भारत पड़ोसियों के मध्य असुरक्षित नहीं है? क्या देश के भीतर भारतीय 1947 से कई गुना अधिक अपने को परस्पर लड़ाई, असत्य, अपराधों की भयाकुलता में नहीं पाता है?

जीने की भारतीय सच्चाईयां जगजाहिर हैं। पचहत्तर वर्षों में नौ दिन चले अढ़ाई कोस का सफर अनुभवों से प्रमाणित है। भारत की असफलताओं पर तमाम वैश्विक सूचकांकों के ठप्पे हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं, गौरव-मान-सम्मान के ओलंपिक, नोबेल पुरस्कारों आदि से भी सत्य उद्घाटित है। दिमाग भन्ना जाएगा जब सोचेंगे कि 1947 में कितने करोड़ हिंदू धर्मादे में जीते हुए थे और अब उससे कितने गुना अधिक संख्या में लोग खैरात, मुफ्तखोरी, भ्रष्टाचार और लूट से जीते हुए हैं। व्यक्ति या तो भूखा है या लूटता हुआ है। समाज में वे नागरिक बिरले हैं, जो संस्कारित सनातनी है। सबसे गंदा और बेशर्म सत्य है जो सौ-सवा सौ करोड़ लोगों के प्रतिमाह जीवन में कभी पांच किलो राशन बांटने, कभी फ्री वैक्सीन, कभी पांच सौ-हजार-दो हजार रुपए के धर्मादे पर सरकार खुद डंका पीटते हुए अपने तराने बनाती है। मानों भेड़-बकरी और रेवड़ में फ्री के चारे-पानी में मनुष्य का जीना पृथ्वी पर हिंदू स्वर्ग प्रारब्ध हो!

आजाद भारत ने सनातनी हिंदू की सत्यता, शर्म, ग्लानि, संवेदना सबको खा डाला है। भारतीयों को अब न शर्म आती है और न ग्लानि होती है। भारतीयों का दिमाग बेचैन हो कर खदबदाता नहीं है कि ऐसा है तो क्यों? क्या हम हिंदुओं को अपने-आप पर कोड़े मारते हुए नहीं सोचना चाहिए कि कुछ तो बुनियादी गलती है, जिससे हमारा सफर रसातल में गिरते जाने का है!

### अंधे द्वारा अंधों को रास्ता

समस्या भारतीय खोपड़ी के तंत्रिका संजाल की है। चौदह सौ सालों की गुलामी ने हिंदू को अंधकार में जीने का ऐसा आदी बना रखा है कि उसे अंधियारे और उजाले का अंतर नहीं बूझता। अंधकार में जीते-जीते बुद्धि अंधी और मूढ़ है। सोचना-विचारना असंभव है। तभी कठोपनिषद् का यह श्लोक हम हिंदुओं के लिए बना लगता है कि जो लोग अविद्या, मूर्खता के भीतर (उसमें रचे-पके) रहते हुए अपने आपको ज्ञानी व महापण्डित मानते हैं वे मूर्ख की तरह ठोकरें खाते हुए भटकते रहते हैं। ऐसे मूढ़ लोग अंधे द्वारा अंधों को रास्ता दिखाने की कहावत को चरितार्थ करते हुए होते हैं। (÷अविद्यायाम् अन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः दन्द्रम्यमाणाः मूढाः परियन्ति यथा अन्धेन एव नीयमानाः अन्धाः॥)

यहीं आजाद भारत के सफर का सत्व-तत्व है! पंडित नेहरू का आइडिया ऑफ इंडिया हो या नरेंद्र मोदी का, यदि सबके परिणामों में भटकना और असिद्धि ही सच्चाई है तो अंधे द्वारा अंधों का रास्ता भटकना स्वंय सिद्ध है। कथित बुद्धिजीवी (सेकुलर हो या हिंदुवादी), प्रभु वर्ग, शासक नेता, प्रधानमंत्री एक-दूसरे को कितना ही दोषी करार दें और अपने मुगालतों, अहंकार, अंधविश्वास में चाहे जो बोलें अंत में अंधी गुफा में जीवन जीने की भारतीय सच्चाई से रूबरू में वे अपने आपको फेल प्रमाणित करते हैं। कौम का अनुभव यह फर्क नहीं बनाता कि नेहरू के आइडिया से मंजिल मिली या मोदी के आइडिया से मिली। नेहरू से मोदी तक के पूरे सफर का ही परिणाम यदि भूख, भक्ति और भय है तो इस सत्य को गांठ बांधें कि भारत की समस्या गहरी और नेता व आइडिया निरपेक्ष है!

दरअसल आजाद भारत की गलत नींव बनी। संविधान बनाते हुए संविधान निर्माताओं की बुद्धि ने न दीर्घकालीन भविष्य के विजन में सोचा-विचारा और न इतिहास का ध्यान रखा। इससे भी बड़ी गलती थी जो हिंदू जीवन के सनातनी सत्य, संस्कृति-सभ्यता के ज्ञान के मूल मंत्रों से आजाद भारत की प्राण प्रतिष्ठा नहीं की। भारत को बनाने वाली संविधान सभा का यज्ञ भारत की मौलिकता, भारत की भाषा, भारतीय चिंतन के मंत्रों से नहीं था, बल्कि उन बातों, उस भाषा, उस सांचे से हुआ, जिससे आधुनिक बनने का भ्रम तो बना लेकिन बिना सांस्कृतिक-धार्मिक मूल्यों की ईट व संस्कारविहीन सीमेंट की नींव पर। खामोख्याली, फूहड़ नकल व जुगाड़ ने भारत की वह खोखली बुनियाद बनाई है, जिससे झूठे-भ्रष्ट और उज्जड़ जीवन का असांस्कृतिक जंगल बना। तभी आजाद भारत में नागरिक-राष्ट जीवन के वे संस्कार, वे गुण नहीं बने, वह चरित्र नहीं बना, जिनसे सभ्यता-संस्कृति-धर्म-कौम-के सनातनी हिंदू अस्तित्व का वैभव बनता।

**-हरिशंकर व्यास-**

## अमन का करें आगाज



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

अब हर घर की शान बनेगा
देश का अभिमान
फहराये तिरंगा हर घर मे
करें स्वयं पर गुमान
आओ मिलकर हम सब
जीवन को दे नव साज
घर घर तिरंगा लहरा कर
अमन का करें आगाज
अमृत महोत्सव के पर्व मे
देश को पहचान मिले
हम सब भी मनाये उत्सव
भूल कर शिकवे गीले
आपसी द्वेष को मिटाकर
देश हित करें हर काज
घर घर तिरंगा लहरा कर
अमन का करें आगाज
मजहब की दीवारे तोड़
विकास की ओर बढ़ना
छोटी-छोटी बातों को पर
आपस मे नहीं लड़ना
बदलाव को स्वीकार कर
देश को दे नव अंदाज
घर घर तिरंगा लहरा कर
अमन का करें आगाज
एक राष्ट एक ही धर्म,
एक ही हो जन गण मन
राष्टहित हम सब अपना दे
तन मन और धन
अमृत महोत्सव के दौर मे
नूतन करें हर काज
घर घर तिरंगा लहरा कर
अमन का करें आगाज
एक बनेंगे,नेक बनेगे
सबसे बड़ा एक देश बनेंगे
वसुधैव कुटुंबकम के भाव से
दुनिया मे श्रेष्ठ बनेगे
जाति धर्म की तोड़ दीवारे
देश को बनाये सरताज
घर घर तिरंगा लहरा कर
अमन का करें आगाज

## स्वतंत्रता



राजीव डोगरा
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

स्वतंत्र देश के परतंत्र नागरिकों जागो
अपने अधिकारों के प्रति ही नहीं
अपने कर्तव्यों के प्रति भी।
स्वतंत्र देश के परतंत्र नागरिकों जागो
अपने धर्म की रक्षा के लिए ही नहीं
दूसरे धर्मों के मान-सम्मान के लिए भी।
स्वतंत्र देश के परतंत्र नागरिकों जागो
अपनी बहू बेटियों की
रक्षा के लिए ही नहीं
दूसरों की बहू बेटियों की
सुरक्षा के लिए भी।
स्वतंत्र देश के
परतंत्र नागरिकों जागो
अपनी स्वयं की
स्वतंत्रता के लिए ही नहीं
अपनी दबी कुचली परतंत्र सोच
की स्वतंत्रता के लिए भी।

## डीपी वाली देशभक्ति से आगे की बात



रेखा शाह आरबी
बलिया
उत्तरप्रदेश

आजकल सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टा, ट्विटर ,व्हाट्सएप सभी पर ज्यादातर लोगों ने अपने डीपी में तिरंगा को अपना प्रोफाइल पिक्चर बना रखा है, अच्छा लग रहा है लोगों के अंदर अपने देश के लिए देशभक्ति की भावना है वैसे तो हर साल 15 अगस्त आते आते बहुत सारे लोगों के सोशल अकाउंट का प्रोफाइल पिक्चर तिरंगे से शोभायमान हो जाता था, पर इस साल हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के अनुरोध ने इसमें कुछ और बढ़ोतरी कर दी है।

लेकिन हमें अब डीपी वाली देशभक्ति से आगे धरातल पर देश के बारे में सोचने विचारने का भी समय है, देश आजादी के 75 वे साल के अमृत काल में आकर भी यदि हम अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से पालन नहीं कर पा रहे हैं, तो हमारी आजादी अधूरी है देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान देकर हम लोगों को यह आजादी दिलवा दिए है, अब हम लोगों की जिम्मेदारी है कि हम अपनी देश से संबंधित छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को जिम्मेदारी पूर्वक निभाए।

जैसे देश में बेतहाशा जनसंख्या बढ़ रही है ! पर अभी भी कुछ वर्ग इसे ईश्वर की देन मानकर अपनी जिम्मेदारियों से कन्नी काटते हैं ,अगर इसी प्रकार बेतहाशा जनसंख्या बढ़ती रही तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब जंगल, जल, जमीन सब कुछ मनुष्य के लिए अपर्याप्त हो जाएगा और ना खाने को भरपेट अन्न मिलेगा ना तन ढकने को वस्त्र मिलेगा ,एक जनसंख्या वृद्धि की समस्या अनगिनत समस्याओं की जननी है बेरोजगारी ,भुखमरी, महंगाई और अशिक्षा जैसी अनेकों समस्याओं को एक जनसंख्या की समस्या को नियंत्रित करके बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है अतः खुद भी परिवार नियोजन को अपनाना चाहिए और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए, यह भी एक प्रकार से देश भक्ति है।

## तिरंगा



सोनल सिंह सोनू
दुर्ग छत्तीसगढ़

तीन रंगो से सजा तिरंगा,
देश की शान बढ़ाता है।
रंग केसरिया, श्वेत, हरा
संदेश हमें दे जाता है।
रंग केसरिया त्याग सिखाये,
श्वेत रंग शांति गुण गाये।
हरा रंग समृद्धि लाये,
सब मिल देश का मान बढ़ाये।
जब भी तिरंगा लहराये,
हर भारतवासी हर्षाये।
मन गर्व से भर जाये,
आँखों में चमक आ जाये।
तिरंगे का सम्मान करें ,
नहीं कभी अपमान करें।
देश की आन बचाने को,
अपना सर्वस्व कुर्बान करें।

## आजादी के इस महोत्सव





कमलेश झा
भागलपुर
बिहार

तोड़ गुलामी की बेड़ी को
मना रहे आजादी वर्षगांठ।
आजादी के इस अमृत महोत्सव
मना रहे आजादी वर्षगांठ।।
नमन तुम्हें हे भारत माता नमन
तुम्हें हे वीर सपूत ।
गुलामी की उस बेड़ी को तोड़ने
का जिसने प्रयास किया भरपूर।।
शीश किए जिसने भी अर्पण उस
सैनिक को करते नमन।
भारत की रक्षा में जिसने अर्पित
कर दिए अपना तन और मन ।।
नवनिर्माण के इस चौराहे करते
रहना है विचार।
पीछे किए गए भूलों पर करना
होगा पुनः विचार।।
कमी कहां थी सोचों में जिससे
दंश मिल रहा बारंबार।
उन सोचों को सही दिशा दे कर
करना बस अब भूल सुधार।।
प्रगति की राह प्रशस्त हो और गढ़ें
हम नव इतिहास।
विश्व पटल पर परचम लहराकर
गढ़ ले बस नव इतिहास।।
बंदे भारत गाते जाएं मिलकर के
हम सब मिल साथ ।
अपनी अपनी क्षमता से भारत के
विकास में दे दें साथ।।
विश्वगुरु का परचम अपना चलता
जायेगा अपने साथ।
विश्व पटल पर तिरंगा अपना
फहरेगा फिर अपने आप।।

# तीज-तिहार अऊ परम्परा



प्रिया देवांगन प्रियू
सुपुत्री श्री महेन्द्र
देवांगन माटी
राजिम छत्तीसगढ़

÷ मोर छत्तीसगढ़ के तिहार दीदी... मोला बड़ निक लगय ओ....÷ पंचराम मिर्झा अउ कुलवंतिन बाई मिर्झा के गाये गीत के बोल हर छत्तीसगढ़िया के अंतस के बोल आय। ये बोल ह गाँव-देहात के पारम्परिक लोकजीवन के दर्शन कराथै। हमर ग्राम्यलोकजीवन घात सुग्घर अउ बड़ नियारा हे। गाँव-देहात के लोकजीवन शैली ह ही लोकसंस्कृति म झलकथै। लोकजीवनशैली के अंतरगत लोक (लोगन) के बोली-भाषा, रहन-सहन, खानपान, पहनावा के संगे-संग उँखर बेवहार, आचार-विचार, रसम-रिवाज, काम-कारज सरलग चलथै; जेन लोकपरम्परा आय, याने लोकसंस्कृति ल लोकपरम्परा ही जिंदा रखथै, अरथात इही परम्परा ह संस्कृति ल पीढ़ी दर पीढ़ी लोक म ही स्थानांतरित करथै। अउ कहे जा सकथय कि लोकयथार्थ ह, जेन ह लोकसंस्कृति म समाय रथै, लोकपरम्परा ले आगू बढ़थै। लोकसांस्कृतिक साररूप म लोगन के हाँसी-खुशी, मया-पिरीत, भाईबंध के बड़ बढ़िया त्रिवेणी संगम आय हमर लोकपारम्परिक तीज-तिहार। लोकपरम्परा ले घला सामाजिक सरुप ह, जेन माध्यम ले दृष्टिगत होथय, वो आय- लोकसाहित्य। इही लोकसाहित्य के परिप्रेक्ष्य म लोकपारम्परिक तीज-तिहार के सारथकता, महत्तव अउ उपयोगिता ल हमर छत्तीसगढ के एक ब्रह्मलीन परमधाम प्राप्त लोकसाहित्यकार श्री महेन्द्र देवांगन जी ÷माटी÷ ह अपन एक निबंधात्मक लेख संकलन ÷तीज-तिहार अऊ परम्परा÷ म करे हे। ये संग्रह बड़ सुग्घर आवरण ले सजे हे। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर के आर्थिक सहयोग ले प्रकाशित होय हे । माता-पिता ल समरपित हे। भूमिका के रूप म एक शिक्षक अउ कवि मालिक ध्रुव जी के मंतव्य हे।

हिंदी के जाने-माने निबंधकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी के कथन- ÷गद्य रचना यदि कवियों की कसौटी है,तो निबंध गद्य की कसौटी है।÷ म महेन्द्र देवांगन जी ÷माटी÷ खरा उतरे हे। एक कवि अउ छंदकार के रूप म माटी जी ह साहित्य क्षेत्र म अपन पहचान बनाबे करिस; संगे-संग कहानी अउ निबंधात्मक लेखन करके वो छत्तीसगढ़ी साहित्य सेवा बर अबड़ सँहराय के लाइक काज करे हे। येकर पोठ सबूत उँखर ÷तीज-तिहार अऊ परम्परा÷ संग्रह आय; जेन म हमर छत्तीसगढ़ी पारम्परिक तिहार ÷मकर संक्रांति के पर्व÷ लेख ले मुँड़ा धराय हे। अपन ये सारगरभित निबंधात्मक लेख म मकर संक्रांति परब के अपन जानकारी ल नान-नान दू-ठन रूपरेखा- स्नान के महत्व अउ तिल दान के महिमा ले पूरा करे हे। हमर छत्तीसगढ के लोकपरब मनाये के अपन अलगे पहचान हे। हर छत्तीसगढ़िया प्रकृति के हर जड़-चेतन म घात आस-विश्वास रखथै। तभे तो पखरा म वो घलो मुँड़ नवाथै। माटी जी ह अपन लेख म ÷नाग पंचमी के तिहार÷ म ये तिहार के मनई के रसम अउ वोखर आध्यात्मिक महत्व के जिक्र करत कहिथे कि हमर खेती-किसानी म सर्प ह मददगार आय; वो ÷क्षेत्रपाल÷ याने खेत-रखवार आय। हमर खेती-किसानी के चौमासा के पहिली तिहार हरेली, जेला सावन महीना के अँधियारी पाख के अमावस म मनाय जाथै। येमा गो-धन ल लोंदी खवाय के, कृषि-यंत्र के पूजा, चीला चघाय, नीम-डारा खोंचई, गेड़ी बनई अउ गाँव के देव-धामी के पूजा-पाठ के बड़ अच्छा उल्लेख करे हे। आदरणीय माटी जी ले मोर प्रत्यक्ष भेंट तो नइ होय रिहिस; पर सोशल मीडिया ले साहित्यिक पहचान होय, साल भर होवत रिहिस कि अचानक वोखर परलोक गमन होगे। येखर ले छत्तीसगढ़ी साहित्य ल नुकसान तो होबे करिस; संगे-संग मोर ले एक नेक साहित्यिक संगवारी के बिछुड़ई होगे। इही जान-पहचान अउ ये संकलन के पढ़े ले मोला लागथय कि माटी जी ह एक ठेठ गँवइहा रिहिन। धर्म अउ आध्यात्म नगरी राजिम के लड्डा म बसे गाँव बोरसी म जन्म धरे, चीखला-धुर्रा-माटी म खेले-कूदे माटी जी के तन-मन म गँवइहापन अउ हर साँस म गाँव के माटी के खुशबू रिहिस; तभेच तो वोखर ÷माटी÷ जइसे उपनाम सारथक लागथै।

माटी जी ल छत्तीसगढ़ भुइयाँ ले अड़बड़ पिरीत रिहिस; निक जानकारी रिहिस। तीज-तिहार के नेंग-जोग ल अपन लेख मन म बनेच सरेखे हे। धरम अउ आध्यात्म के घलो के सहारा लेय हे अपन रचना मा। पौराणिक पात्र - राम, कृष्ण, बलराम, प्रहलाद जइसे जीवनचरित्र के उल्लेख माटी के लेख मन म हे। गाँव के डिही-डोंगरी के मान-गौन के तौर-तरीका उँखर लेख मन म देखे-पढ़े ला मिलथै। गाँव के धरती म ननपन बिताय हे माटी जी ह, तभे तो वो ÷तीजा-पोरा के तिहार÷ पृष्ठ क्र. 23 म लिखे - ÷लइका मन बर माटी के खिलौना वाला बइला ले जाथे ओमे चक्का ÷सिलि÷ लगाके दँउड़ाथे। नोनी मन बर ÷चुकी÷ ले जाथे।÷ जम्मो लेख म पार्श्व शीर्षक (साइड हैडिंग) के उपयोग करे ले लेख मन ह बड़ अच्छा निबंध के साररूप लेय लेहे। वइसे हमर छत्तीसगढ के तीज-तिहार मन ह धारमिक, आध्यात्म, वैदिक अउ पौराणिक तथ्य समाय हें। पहिली पूजा गणपति के, देवारी के तिहार,देवउठनी एकादशी अऊ तुलसी बिहाव,अगहन बिरस्पति के पूजा, अन्नदान के परब छेरछेरा बड़ बढ़िया निबंधात्मक लेख बने हे। ÷सच के रस्ता बतइया- गुरु घासीदास जी÷ म सत्य-अहिंसा, ÷बसंत पंचमी - खुशी अऊ उमंग के तिहार÷ म परम्परा निर्वहन, ÷होली के तिहार÷ म भगवान, भक्त अउ भक्ति के सारथकता के संदेश देय हे। ÷अक्ती के तिहार÷ म परशुराम अवतार, द्वापर युग के समापन, खेती-किसानी के शुरुआत, पुतरी-पुतरा के बिहाव की मुहुर्त, माता अन्नपूर्णा के जन्म, द्रौपदी चीरहरण, कुबेर ल खजाना पाय के बड़ बढ़िया जानकारी रखत संग्रह के समापन करे हे। महेंद्र देवांगन ÷माटी÷ जी के जम्मो लेख मन म लोकपारम्परिक तीज-तिहार के वर्णन के साररूप म हे। तिहार मन बर माटी जी के अपन विचार रखे ले लेख मन विचारात्मक बन गेहे। माटी जी के निबंधात्मक लेखनशैली बड़ गजब के हे। भाषा अभिव्यक्ति मस्त-बढ़िया अउ ठेठ छत्तीसगढ़ी बोली रूप म हे। हिंदी अउ संस्कृत विषय म स्नातकोत्तर अउ अध्यापन कर्म ले जुड़े होय के कारण लेखन म हिंदी शब्द मन के बहुत अधिक प्रयोग होय हे; येखर बावजूद माटी जी के छत्तीसगढ़ी लेखन सामर्थ्य यथावत हे; छत्तीसगढ़ी शब्द-वाक्य विन्यास ह सज-सँवर गेहे। माटी जी के जम्मो लेख म तीज-तिहार के सारगरभित वर्णन हे। लेखन क्षमता बड़ सरल-सहज हे; जीवंत हे। येखर ले लेख मन म रोचकता बने हे। लेख मन म छत्तीसगढ़ी के एक ले बढ़के एक शब्द - झूपथे, अगोरा, छोल-छुली के, खुसर, बिरस्पति, निच्चट प्रयोग होय हे। येखर ले संग्रह पठनीय बन गेहे।

बड़ सौभाग्य के बात हे कि ÷तीज-तिहार अऊ परम्परा÷ जइसे लेख संग्रह महेंद्र देवांगन माटी जी ले छत्तीसगढ़ी साहित्य ल मिले हे; पर ये बड़ दुर्भाग्य हे कि हमर बीच आज वो प्रतिभाशाली लेखक माटी जी नइ हे। माटी जी म छत्तीसगढ़ी साहित्य सृजनशीलता के सम्भावना रिहिस। एक बात मैं अउ रखना चाहत हँव कि आज माटी जी के सुपुत्री सुश्री प्रिया देवांगन जी प्रियू हर साहित्य सृजनशीलता म लगे हवै, जेन म मन-मयारू पिता माटी जी के साहित्य-छवि झलकथै।

## दिल में छुपा के रखते हैं यादों के दस्तावेज



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

पल पल हिसाब रखते हैं यादों के दस्तावेज़
फैली हुयी तनहाईयों से तू न हो पशेमां
हरदम यही कहते हैं यादों के दस्तावेज़
.यूं आलमें खामोशियों में लब सिले हुए
सरगोशियां करते हैं यादों के दस्तावेज़
.अफ़साना जो दोहराएं तसव्वुर में बैठ के
तस्कीन सी देते हैं यादों के दस्तावेज़
लहराता है साया सा हर लमहां आस पास
देखा जो मुड़के चलते हैं यादों के दस्तावेज़


## आब-ओ-ताब



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

छोटी छोटी आँखों में चंद बड़े बड़े ख़्वाब लिए
चले हम दिल में महताब-ओ-आफ़ताब लिए
जग चले अपनी ही चालें रिश्ते-नाते सब फरेब
हमने छोड़ी सब रवायत रहे बस अहबाब लिए
खोजना गर चाहो मुझको खोज लेना राहों में
नक़्श-ए-कफ़-ए-पा यहीं, दिल में हैं सैलाब लिए
हम तो ठहरे मलंगमिज़ाज जग दिखावे क्या करें
आपकी बातें अलग हैं आप आब-ओ-ताब लिए
बह गए अपनी रवानी में कोई धारा बन ÷गीत÷
रुक गए कहीं जहाँ समझो वहीं गिर्दाब लिए

## आईना



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

उन की रहगुजर से हम भी गुजरने लगे।
दिन बदिन हम भी तो यारों सँवरने लगे।
सुना है कि गुस्ताख़ आईना उन्हें तकता हैं,
क्या बुरा हैं, गर हम भी प्यार करने लगे।
माहताब भी अब हम से खफा रहता हैं,
जब से हम झील सी आँखों में उतरने लगे।
उस खुदा के सदके जिसने तुम्हें बनाया है,
उस खुदा की हम भी इबादत करने लगे।
जी रहे थे जिस के दीदार की हसरत में,
देखा उन्हें बेनकाब, उन्हीं पे मरने लगे।

## संसार



प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

अनुपम सारा, है संसार।
प्रभु की लीला, अपरम्पार।।
बहते कल-कल, झरने श्वेत।
रजत वर्ण है,फैली रेत।।
ऊँचे -ऊँचे , पर्वत राज।
लगते चूमे,अंबर आज।।
सोचूँ गहरी, वादी देख।
जैसे प्रभु ने, खींची रेख।।
अद्भुत कितना, यह संसार।
लगता खुशियों ,का भंडार।।
रवि आभा से, रौशन व्योम।
अम्बुद बरसे, बनकर सोम।।
क्षण भंगुर है, यह संसार।
जीवन फिर भी, है उपहार।।
अनुपम जीवन, की हर बात।
जैसे यादों, की बारात।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जनता व संविधान की रक्षा के लिए सीआरपीएफ जवान आगे

## सीआरपीएफ जवानों ने मनाया 62वीं बटालियन का 43वां स्थापना दिवस

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** . अम्बिकापुर स्थित 62वीं सीआरपीएफ बटालियन द्वारा कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में अपनी बटालियन का 43 वां स्थापना दिवस मनाया।





इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय अम्बिकापुर में भिन्न-भिन्न स्थानों पर तैनात जवानों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह कमाण्डेट द्वारा बटालियन के लिए कर्तव्य वेदी पर बलिदान हुए 62वीं बटालियन के शहीद कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कमाण्डेट द्वारा यूनिट के क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई। इस दौरान उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि 62वीं वाहिनी ने 43 साल की अपनी यात्रा में जनता व संविधान की रक्षा हेतु सरकार द्वारा दिए गए सभी कर्तव्यों को आगे बढ़कर पूर्ण किया। 62वीं बटालियन ने अपने दिलेर व अनुशासित कार्मिकों के कारण एक अलग पहचान परिचालनिक क्षेत्र में बनाई है। यह बटालियन स्थापना से लेकर आज तक पूर्वोत्तर राज्यों के आतंकवाद, जम्मू एवं कश्मीर व पंजाब के आतंकवाद, बांग्लादेशी शरणार्थियों के भारत में घुसपैठ से निपटने व किसी भी स्तर के चुनावों को लोकतांत्रिक रूप से पूर्ण करवाने, प्राकृतिक विपदाओं में सहायता प्रदान करने में अपना सर्वोत्तम योगदान दिया है। आज तक इस बटालियन के 83 जवानों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने साथ ही केपी गांव में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में केपी गांव में विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया व हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान में तिरंगा के साथ पैदल यात्रा का भी आयोजन किया गया। आम जनमानस में आजादी के महत्व तथा राष्ट्रीय तिरंगा के प्रति सम्मान व स्वाभिमान की भावना जाग्रत करने तथा हर घर तिरंगा फहराने का आहवान किया गया। जिसके तहत पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु केपी गांव स्थिति एन्टस में स्कूली बच्चों तथा स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों, बच्चों तथा जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी उपलक्ष्य में शाम को एक मैत्री खेल का आयोजन भी किया गया। जिसमें वाहिनी के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

# सड़क दुर्घटना में सीएएएफ जवान की मौत

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के उदारी व बुलगा के बीच शनिवार की दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पीलर से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार सीएएएफ जवान की मौके पर ही मौत हो गई। जवान छुट्टी में अपने घर आया था।



जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम दरकोना निवासी 28 वर्षीय निरंजन एक्का पिता स्व. मोहर लाल एक्का सीएएएफ का जवान है। वह छुट्टी में अपने घर आया था। शनिवार की दोपहर बाइक से अपने घर से बुलगा की ओर जा रहा था। तभी उदारी व बुलगा के बीच टरनिंग के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पीलर से जा कर टकरा गई। दुर्घटना इतना जबरर्दस्त था कि जवान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक क्षेतिग्रस्त हो गया। सूचना पर लुण्ड्रा थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओम यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की।

# आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने निकाली गई तिरंगा रैली

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** भारतीय ध्वज राष्ट्र का प्रतीक है इसी गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव 11 से 17 अगस्त तक हर घर झंडा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों से राष्ट्रध्वज अपने घर पर फहराने के लिए अपील की जा रही है। ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित हो और राष्ट्र ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम जनों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा के मार्गदर्शन में एनसीसी के कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा शहर में तिरंगा रैली निकाली गई।




13 अगस्त 2022 को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर के एनसीसी कैडेटों के एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर झंडा घर-घर झंडा के परिपालन में झंडा रैली विद्यालय प्रांगण से नगर के मुख्य मार्ग में महामाया चौक, संगम चौक एवं गुजरी चौक होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ। तिरंगा रैली के समय एनसीसी के कैडेटों एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा मुख्य मार्ग में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं घरों में तिरंगा का भी वितरण कर, राष्ट्र सेवा व देश भक्ति का प्रचार प्रसार किया गया। रैली में विद्यालय के प्राचार्य एचके जयसवाल, उप प्राचार्य केके राय, एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी, पीटीआई विकास सिंह, स्काउट प्रभारी महेंद्र सिंह, रमेश राय 28 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ के स्टाफ एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

# युवक के सिर पर फावड़ा से हमला कर हत्या करने वाला आरोपी बड़ा भाई गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** 9 अगस्त को मणिपुर चौकी क्षेत्र में मामूली सी बात पर बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर फावड़ा से जानलेवा हमला कर दिया था। युवक को गंभीर स्थिति में रायपुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर मणिपुर चौकी पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रभुनारायण यादव मणिपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम केशवपुर का रहने वाला था। 9 अगस्त को सार्वजनिक नल लगाने मैकेनिक आए थे। प्रभुनारायण का बड़ा भाई भोला यादव अपने घर के पास नल लगवाना चाह रहा था। छोटे भाई द्वारा विरोध करने पर



गुस्से में आकर बड़े भाई ने फावड़ा से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया था। इससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया था। परिजन ने उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान 11 अगस्त को प्रभुनारायण की मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी गायत्री देवी ने इसकी रिपोर्ट मणिपुर चौकी में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी भोला यादव के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में प्रभारी मणीपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक परशु राम पैंकरा, प्रधान आरक्षक पन्नालाल, सतीश सिंह, आरक्षक मुकेश चौधरी शामिल रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के अपील के बाद इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव का हो रहा है आयोजन

## कुसमी में भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा



-उपेश सिन्हा-

**कुसमी ,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** पूरे देश मे इस बार स्वंत्रता दिवस के मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वंत्रता दिवस के 75वी वर्षगांठ में देश की जनता से हर घर तिरंगा फहराने की अपील भी की गई है, इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी के मंडल कुसमी में मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में नगर कुसमी में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया शहर के प्रमुख चौक चौराहों से लोगो प्रेरित करने के उद्देश्य से देश भक्ति गानों के साथ यात्रा निकाली गई , 13अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों के छत पर बालकनी में तिरंगा झंडा लगाने हेतु लोगो को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के द्वारा गांव से आए हुए शक्ति केंद्र उसके स्तर तक के कार्यकर्ताओं को झंडा का वितरण कर उनसे अपने अपने घरों में झंडा लगाने का भी आह्वान भी किया गया, यह भी निर्देश दिया कि झंडा कैसे लगाना है उसका रखरखाव कैसे करना है झंडे के मान सम्मान में किसी प्रकार की कोई भूल ना हो इसकी भी जानकारी भी लोगो को दी गई,कार्यक्रम में हर घर तिरंगा के विधानसभा प्रभारी आनंद जायसवाल मंडल के प्रभारी विनोद गुप्ता , बालेश्वर राम , भाजपा वरिष्ठ नेता उमेश्वर ओझा,जिला पंचायत सदस्य हीरामणि निकुंज ,मंडल उपाध्यक्ष अशोक सोनी,विजय भगत, सोमनाथ भगत, रोशन एक्का , सुरभि, कुंती , अतुल जयसवाल चंदन जी जितेंद्र गुप्ता दिलीप गुप्ता महेंद्र यादव सहित कार्यकर्ता गण शामिल हुये,।





# जनपद पंचायत लुंड्रा के उपाध्यक्ष वीरभद्र सिंह को गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर/धौरपुर ,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** जनपद पंचायत लुंड्रा के उपाध्यक्ष वीरभद्र सिंह (सचिन बाबा) का शनिवार को गमगीन माहौल में धौरपुर के रानी तालाब में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे भाई विक्रम सिंह ने दी। धौरपुर हाउस में वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधायक लुंड्रा डॉ प्रीतम राम, वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, हस्त शिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, पूर्व महापौर प्रबोध मिंज, महेश्वर पैकरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष बंटी शर्मा, अतुल सिंह, डी के सिंह, विक्रमादित्य सिंहदेव, अमित सिंहदेव, केपी सिंहदेव, रणविजय सिंह, शैलेष सिंह, दीपक मिश्रा, दानिश रफीक सहित काफी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने पार्थिव शव को कांग्रेस के झंडे से ढक कर कांग्रेस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घाट पर उक्त पार्टी के झंडे को स्व. वीरभद्र सिंह के पिता सोमेश्वर सिंह को सौंपते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बधाया।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का फूल ड्रेस में अंतिम रिहर्सल शनिवार को सुबह 9 बजे अम्बिकापुर स्थित पुलिस ग्राउंड में किया गया। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व जरूरी निर्देश दिए।





कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की व आवश्यक निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण पश्चात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। परेड कमाण्डर पुलिस उप अधीक्षक डॉण् प्रशांत देवांगन के नेतृत्व में प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन किया। निरीक्षण में कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान मंच संचालन भी बेहतर ढंग से हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये।

वाहन पार्किंग एवं प्रवेश-पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पुलिस पेट्रोल पंप के सामने मैदान में की गई है। वहीं व्हीव्हीआईपी हेतु समारोह स्थल में प्रवेश पुलिस क्वार्टर के सामने के गेट से तथा आम जनो के लिए गेट नम्बर 2 से प्रवेश दी जाएगी।

ज्ञातव्य है की राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु इस बार भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय झांकी का आयोजन नहीं किया जा रहा है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम श्री प्रदीप साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री डीके राय, जिला परियोजना अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# जमानत कराने के नाम पर आरक्षक द्वारा 1 लाख 17 हजार की ठगी

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** यूपी का एक युवक अंबिकापुर में ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित का भाई अंबिकापुर में एक मामले में जेल में बंद है। इसका जमानत कराने के नाम पर कथित रूप से एक आरक्षक द्वारा 1 लाख 17 हजार 500 रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इमरान खान यूपी का रहने वाला है। इसका छोटा भाई गुफान खान का प्रकरण सिविल न्यायालय में चल रहा है। 3 अगस्त को इमरान अपने भाई व वकील से मिलने अंबिकापुर आया था। रात करीब 10 बजे प्रतिक्षा बस स्टैंड स्थित रेन बसेरा में रूका था। वहीं पर एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुचा और अपने आप को पुलिस आरक्षक बताते हुए इमरान से बात चीत करने लगा। इस दौरान इमरान ने अपने छोटे भाई का माला उससे बताया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने इमरान से कहा कि मेरी पहचान बिलासपुर हाई कोर्ट के एक अच्छे वकील से है। मैं इसका जमानत करा दूंगाा। इमरान अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आ गया और पे फोन के माध्यम से 4 व 5 अगस्त को कुल 1 लाख 17 हजार 5 सौ रुपए उसके खाते में डाल दिया। रुपए देने के बावजूद भी भाई का जमानत नहीं कराया गया तो वह कथित रूप से आरक्षक से बात की। इस दौरान आरक्षक ने और रुपए की मांग की। रुपए मांगने पर आरक्षक द्वारा इमरान को गांजा तस्करी के मामले में फंसा देने की धमकी देने लगा। परेशान होकर इमरान ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन के 77 व नियमित प्रकरण के 734 मामलों का किया गया निराकृत

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** . नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिले बाहय न्यायालय सहित न्यायालयों में किया गया। सरगुजा जिले बाहय न्यायालय सहित न्यायालयों में कुल 13 खण्डपीठ का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण जिले में प्री.लिटिगेशन के 77 तथा नियमित प्रकरण 734 की संख्या में निराकृत किया गया है। परिवार न्यायालय में भी 30 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर सरगुजा के सचिव अमित जिन्दल ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में भी उक्त आयोजन कर कुल 29190 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा इस लोक अदालत की सफलता यह रही कि प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, नीलिमा सिंह बघेल द्वारा अपीलार्थी के बारिश होने के कारण न्यायालय में उपस्थित होने में अक्षम होने से वर्चुअल मोड से प्रकरण नेशनल लोक अदालत में समाप्त किया गया तथा एक अन्य घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के एक प्रकरण में भी उनकी समझाईश में मामले का निराकरण हुआ। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित जिन्दल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को सम्पूर्ण राज्य में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।



CMYK

# देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में आदिवासियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण:भूपेश बघेल

## कोलिहामार गुरुर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री









**रायपुर, 13 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बघेल ने कहा कि पूरे देश की भांति हमारे छत्तीसगढ़ में भी शहीद गुण्डाधुर, परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक, सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महापुरूषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का शंखनाद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उन्होंने आदिवासी समाज को शांत, सरल एवं मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दी।

मुख्यमंत्री बघेल आज बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार में आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। बघेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री मती अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव एवं गोण्डवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, गोंडवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम नारागांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुकालू राम कड़ियाम, स्व.बिसाहू राम गायकवाड़, स्व.पीताम्बर मंडावी, स्व.सरजू राम मंडावी सहित चारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु उनके प्रतिमा का निर्माण करने के लिए 20 लाख रूपए तथा शासकीय महाविद्यालय गुरूर का नामकरण क्षेत्र की प्रथम आदिवासी विधायक डारन बाई तारम के नाम से करने, आदिवासी सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख रूपए, प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास के 20 सीट को बढ़ाकर 50 सीट किए जाने तथा जीर्णोद्धार हेतु 20 लाख रूपए, मुख्य मार्ग गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 10 लाख रूपए तथा बालोद के बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम कोलिहामार ग्राम के विकास के लिए 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करने तथा विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोलने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने आदिवासियों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्गों के विकास एवं कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों को भी सबल एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की दूसरी किश्त की राशि किसानों के खाते में जमा कर दी जाएगी। इसके साथ-साथ राज्य में धान के अलावा कोदो-कुटकी, रागी आदि फसलों की भी समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है।

बघेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 65 प्रकार के वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को उनका वाजिब अधिकार दिलाने हेतु वनाधिकार पत्र, जमीन वापसी, वन संसाधन अधिकार देने आदि का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा राज्य में पेशा कानून के उचित क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना तथा गोधन न्याय योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजना बताते हुए इसके लाभ के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से अब राज्य के लोगों को अवारा पशुओं की समस्या से मुक्ति मिलने के साथ-साथ अब गोबर और गोमूत्र से भी आमदनी हो रही है।



## डॉ. रमन ने अपने निवास में लहराया तिरंगा

**रायपुर, 13 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया। उन्होंने आज़ादी में सर्वस्व समर्पण करने वाले वीर जवानों और महापुरुषों को नमन किया।

**झंडा ऊँचा रहे हमारा**
**विजयी विश्व तिरंगा प्यारा**
**इसकी शान न जाने पाये**
**चाहे जान भले ही जाये**

## रायपुर में बुज़ुर्ग से लूटपाट,वारदात में शामिल 3 युवती गिरफ्तार

**रायपुर, 13 अगस्त 2022।** राजधानी में लूटपाट के मामले में पुलिस ने तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राईम) अभिषेक महेश्वरी के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में चोरी/लूट आदि संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् उरला पुलिस को लूट के मामले के तीन लड़कियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जिनके कब्जे से लूटे गये नगदी रकम 3,000/-रू एवं 01 मोबाईल जप्त किया गया है।



प्रार्थी जमीर उद्दीन के द्वारा, ग्रेविटी रोड सूर्यांश ब्रिक्स के पास अपना स्लेग का गोदाम बनवाया जा रहा है जिसकी सुरक्षा के लिए अपने छोटे भाई आसिफ उद्दीन को भेजा था। करीबन रात्रि 09.30 बजे रात्रि में कुछ लोग निर्माणाधीन गोदाम के बाउंड्री में चढ़ने लगे । मना किए जाने पर गोदाम के बाहर कुछ लड़कियां और उनके साथ में कुछ अन्य लोग आ गए और आसिफ उद्दीन को रॉड से मरना शुरू कर दिया...साथ ही मोबाइल और नगदी पैसे भी लूट कर भाग गये..आसिफ ने तत्काल 112 को बुलाया, थाने को सूचना दी, आसिफ के पैर में काफी चोटें थी।

लिहाजा उसको अस्पताल पंहुचाया गया.. प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाने में अपराध क्र. 384/22 धारा 394 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के छोटे भाई आसिफ उम्र 52 वर्ष से घटना के बारे में बारिकी से जानकारी ले कर उरला पुलिस जांच में जुट गई..और अंततः घटना में शामिल तीन लड़कियों और एक लड़के को पकड़ कर..लूटा गया नगदी रकम और मोबाइल जप्त कर लिया है.. जानकारी मिली है कि पकड़े गए लोग आदतन लोहा आदि चोरी करने फैक्ट्रियों में जाते है..कोई सामने मिल गया तो उससे मारपीट व लूटपाट करने से भी बाज नही आते..आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है..!

### गिरफ्तार आरोपीयान का नाम व पता -

01. चंद्रिका ध्रुव पिता जगदीश उम्र 20 वर्ष साकिन खनताहा पोस्ट दगोरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर हाल मजदूर नगर सरोरा थाना उरला रायपुर छ.ग.
02. रिकी उर्फ रूपा केशरी पिता रमेश केशरी उम्र 20 वर्ष साकिन अछोली प्रगति नगर थाना उरला जिला रायपुर छ.ग.
03. राजकुमारी साहू पिता बलदेव साहू उम्र 22 वर्ष साकिन सरोरा बाजार चौक सांई मंदिर के पास थाना उरला रायपुर छ.ग.

## रायपुर में अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार, 72 पौवा शराब जब्त

**रायपुर, 13 अगस्त 2022।** रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के द्वारा नशा के कारोबार करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर व अपराध और नगर पुलिसअधीक्षक उरला के मार्गदर्शन में थाना खमतराई पुलिस द्वारा लगातार अभियान कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में दिनांक 13.08.2022 को कार्यवाही करते हुए, मुखबीर के सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में दबिश देकर आरोपी रवि कुमार साहू को पकड़कर अपने पास रखे खाखी रंग के कार्टून का तलाशी लेने पर 40 पौवा अंग्रेजी शराब गोल्डन गोवा किमती 4800 रु. मिलने पर आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 635 / 22 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



इसी प्रकार ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर 04 में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश देकर आरोपी सागर मनहरे को पकड़कर उसके पास रखे सफेद रंग के थैला की तलाशी लेने पर 32 पौवा अंग्रेजी शराब गोल्डन गोवा किमती 3840 रू. मिलने पर आरोपी के विरुद्ध अप. क. 636 / 22 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

01. नाम गिरफ्तार आरोपी- रवि कुमार साहू पिता फज्जु राम साहू उम्र 37 वर्ष सा.दंतेश्वरी चौक रांवाभाठा थाना खमतराई रायपुर।
02. नाम गिरफतार आरोपी- सागर मनहरे पिता विश्वनाथ मनहरे उम्र 26 वर्ष सा. दन्तेश्वरी चौक रावांभाठा थाना खमतराई रायपुर।

## सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकराई बाईक 1 की मौत 1 गंभीर

**जगदलपुर, 13 अगस्त 2022।** जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंर्तगत तेज रफ्तार स्पोर्टस बाइक सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकरा गई, जिसके चलते उसके परखच्चे उड़ गए। बाइक चला रहे एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मेकाज में भर्ती किया गया है, दुर्घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाने के बाद विवेचना में लिया। कोड़ेनार थाना प्रभारी विकास चंद्र राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार केटीएम बाइक को चला रहे योगेश विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी तोकापाल थाना परपा जिसके साथ अमन उम्र 28 वर्ष निवासी तोकापाल दोनो कोड़ेनार थाना क्षेत्र की ओर जा रहे थे, इसी दौरान आरापुर तालाब के पास सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गए, इस हादसे में योगेश की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अमन को घायल अवस्था में मेकाज में भर्ती किया गया।




## दो सगे भाई हुए गिरफ्तार,हत्या के वारदात को दिया था अंजाम

**धमतरी, 13 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के देमार गांव में चोरी की नीयत से घुसे दो सगे भाइयों ने, जिनमें से एक नाबालिग है, एक महिला की हत्या कर दी और उसकी दुधमुंही बच्ची को बुरी तरह से घायल करने के बाद मरी समझकर छोड़ दिया। इस घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपी चोरी की नीयत से घर में घुसे थे। इन चोरों ने दो साल की बच्ची पर भी चाकू से वार किया था। दोनो सगे भाई 10 हजार नकद और करीब एक लाख रुपयों के गहने पार कर दिए थे। आरोपी आवास पारा ग्राम देमार थाना अर्जुनी के निवासी बताए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, रक्षाबंधन के त्यौहार पर दोनों भाइयों के पास खर्चे के लिए पैसे नहीं थे। जिसके बाद दोनों ने प्लान बनाकर चोरी करने की ठानी। मोहल्ला सूना होते ही दोनो मृतका के घर खिड़की का पर्दा हटाकर अंदर घुस गए। अंदर घुसकर दोनो कमरे में खोजबीन करने लगे। जब कुछ नहीं मिला तो दोनों बाहर निकल रहे थे। तभी महिला ने उन दोनों को देख लिया। देख लेने पर उनकी पोल खुलने के भय से आरोपियों ने महिला को रसोई कमरे में ले जाकर उसका मुंह और नाक दबाकर बेहोश कर दिया। उतने में ही उसकी बच्ची रोने लगी तब एक भाई ने उसके मुँह को दबाये रखा। महिला को होश आने के डर से मुकेश वापस रसोई कमरे में गया और वहां रखे चटनी पीसने के सील (पत्थर) को दोनो हाथ से उठाकर महिला के सीने में दो बार और बांये गाल में एक बार पटक कर उसकी हत्या कर दी।



आरोपी ने बच्ची के गर्दन को पकड़कर उसे भी मारने के लिए उसे मुंह के बल जमीन पर पटक कर रगड़ दिया। अपनी जेब में रखे चाबी रिंग में लगा छोटे से चाकू से बच्ची के होंठ और बांये गाल को काट दिया। इतना ही नहीं इस घटना को अंजाम देने के बाद गड्ढा खोदकर जेवरात छुपाया। दोनो सगे भाइयों ने जेवरात एवं नकदी 10 हजार रुपये कुल 80 हजार रुपये की चोरी कर वहां से फरार हो गये। पास के तालाब के मेड़ की ढलान पर गड्ढा खोदकर पर्स सहित सोने-चांदी के जेवरात को दबाकर उसके उपर छोटे छोटे पत्थर को रखकर छुपा दिया था। दोनो भाइयों ने नकद रकम को खाने-पीने में खर्च कर दिया। अर्जुनी पुलिस ने पुलिस ने धारा 450, 302, 307, 380 के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## रायपुर में नाबालिग से रेप करने वाला युवक कानपुर से गिरफ्तार

**रायपुर, 13 अगस्त 2022।** राजधानी पुलिस ने नाबालिग के साथ रेप करने वाले युवक को उत्तर प्रदेश से गिरफतार किया है। मामले में पुलिस ने खुलासा किया और बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 244/2022 धारा 363, 366, 376(3), 323 भादवी 6 पक्सो एक्ट के आरोपी कामता सिंह कछवाह पिता शिव बरन सिंह उम्र 22 साल निवासी नाही (जूनिया) थाना गजनेर जिला कानपुर देहात को गिरफतार किया गया है।



## निरंतर मॉनिटरिंग से तेजी से कम हुए लंबित राजस्व प्रकरण:कलेक्टर

### अगले तीन महीने में दस हजार प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित

**रायपुर , 13 अगस्त 2022।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में शनिवर को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से अधिकारियों ने लंबित राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया है। पिछ्ले एक महीने में ही 1 हजार एक सौ से अधिक लंबे समय से पेंडिंग पडें राजस्व् प्रकरण निराकृत हो गए है। कलेक्टर ने अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों का निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय अवधि में करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने न्यायालय वार राजस्व प्रकरणों के विवरण की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा से लंबित प्रकरणों में तेजी से कमी आ रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि आगामी तीन महिने में दस हजार प्रकरणों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग राज्य शासन का महत्वपूर्ण विभाग है। संवेदनशीलता एवं तत्परता से प्रकरणों का निराकरण करते हुए आम नागरिकों को लाभ दिलाए।



कलेक्टर ने जिले में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवम तहसीलदार को दिए और कहा कि उनका खसरा नंबर भी ब्लॉक किया जाए, ताकि उनकी खरीदी-बिक्री और रजिस्ट्री ना हो सके। उन्होंने 2 वर्ष एवं उससे ऊपर के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर देने कहा।

कलेक्टर ने नगर निगम रायपुर के कमिश्नर से मोर मकान मोर आवास योजना की स्थिति की जानकारी लेकर प्रगति लाने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के प्रकरणों में मूल दस्तावेज की डिमांड ना करते हुए प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी आश्रम पट्टा योजना के संबंध में सभी प्राधिकृत अधिकारियों से सर्वेक्षित परिवारों की संख्या ,दावा आपत्ति, पात्र अपात्र हितग्राहियों की जानकारी लेकर निर्देशित किया। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा डायवर्सन एवम सीमांकन के विवादित और अविवादित मामले समय सीमा के अंतर्गत निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों का तहसील वार समीक्षा किया। अपील, पुनरीक्षण एवम पुनर्विलोकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किए। उन्होंने अभिलेख शुद्धता के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं अभिलेख दुरुस्तीकरण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई को निर्देशित किया कि अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों की सूची चिन्हांकित कर डिप्टी कलेक्टरों को जांच में भेजने निर्देशित किया। इसी तरह कलेक्टर ने ऑनलाइन पंजीयन पर नामांतरण की जानकारी एवं ऑनलाइन स्थिति, भूमि आवंटन एवम व्यवस्थापन संबंधी आवेदनों के निराकरण, नजूल नामांतरण एवम नवीनीकरण, व्यपवर्तन की वसूली एवं राजस्व वसूली, आरबीसी 6(4) जनक्षति मुआवजा राशि वितरण, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना ,मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत आय, जाति निवास प्रमाण पत्रों का निराकरण, जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण, चिटफंड प्रकरणों की नीलामी की जानकारी सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सलमान रुश्दी ने व्हाइट हाउस पर 'निंदनीय' हमले की निंदा की

**वाशिंगटन [यूएस], 13 अगस्त 2022।** व्हाइट हाउस ने शनिवार को सलमान रुश्दी पर हमले को ÷भयावह÷ करार दिया और कहा कि जो बिडेन-कमला हैरिस प्रशासन प्रसिद्ध लेखक के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।


राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने एक बयान में कहा, ÷आज देश और दुनिया ने लेखक सलमान रुश्दी के खिलाफ एक निंदनीय हमला देखा । हिंसा का यह कृत्य भयावह है। बाइडेन-हैरिस प्रशासन में हम सभी प्रार्थना कर रहे हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए।÷

एनएसए सुलिवन ने कहा, ÷हम हमले के बाद श्री रुश्दी की इतनी जल्दी मदद करने के लिए अच्छे नागरिकों और पहले उत्तरदाताओं के आभारी हैं और इसके तेज और प्रभावी काम के लिए कानून प्रवर्तन के लिए, जो चल रहा है,÷ एनएसए सुलिवन ने कहा।

सुलिवन ने ट्विटर पर पोस्ट किया था- ÷ सलमान रुश्दी पर हमला भयावह है। हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। और हम अच्छे नागरिकों और पहले उत्तरदाताओं के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने इतनी तेजी से मदद की।÷ अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिए जाने जाने वाले रुश्दी को उनकी पुस्तक % द सैटेनिक वर्सेज

% के कारण ईरान से जान से मारने की धमकी मिली , जो 1988 में जारी की गई थी। 30 साल के फतवे के बाद, रुश्दी पर शुक्रवार की सुबह हमला किया गया था, जब वह चौटौक्वा में व्याख्यान देने के लिए मंच पर थे। पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में संस्थान। उन्हें कम से कम एक बार गर्दन में और एक बार पेट में ÷छुरारा÷ मारा गया था।

भारत में जन्मे ब्रिटिश लेखक वर्तमान में वेंटिलेटर पर हैं और न्यूयॉर्क में एक साहित्यिक कार्यक्रम में एक हमले के बाद सर्जरी के बाद उनकी एक आंख खोने की आशंका है, शुक्रवार को शाम 7 बजे से कुछ समय पहले उनकी स्थिति पर एक अपडेट के अनुसार। एजेंट एंड्रयू वाइली।



÷समाचार अच्छी नहीं है,÷ विली ने कहा कि ÷सलमान की एक आंख खोने की संभावना है; उसकी बांह की नसें टूट गई थीं, और उसका जिगर छुरा घोंपा गया था और क्षतिग्रस्त हो गया था।÷

इससे पहले, न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने न्यू जर्सी के फेयरव्यू से एक संदिग्ध की पहचान की, लेकिन कहा कि हमले के पीछे का मकसद अज्ञात है।

÷संदिग्ध की पहचान फेयरव्यू, न्यू जर्सी के 24 वर्षीय हादी मटर के रूप में हुई है। इससे पहले आज, लगभग 10-47 बजे, स्पीकर रुश्दी, 75 और हेनरी रीज़, अभी संस्था के मंच पर पहुंचे थे और कुछ ही देर में इसके बाद संदिग्ध मंच से कूद गया और कम से कम एक बार गर्दन में और कम से कम एक बार पेट में हमला किया, ÷राज्य पुलिस ट्रूप कमांडर मेजर यूजीन जे। स्टैनिज़ेव्स्की ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा।

पुलिस ने आगे कहा कि संस्था के कई सदस्यों और दर्शकों ने तुरंत इस घटना का जवाब दिया और संदिग्ध को जमीन पर ले गए.

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि चौटाउक्का में चौटौक्वा संस्थान में एक भाषण कार्यक्रम से पहले एक पुरुष संदिग्ध मंच पर आया और रुश्दी पर हमला किया। इसमें कहा गया है कि लेखक की गर्दन पर चाकू से वार किया गया था और उसे हेलीकॉप्टर से एक क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया था। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस ने कहा कि घटना के दौरान रुश्दी के साथ साक्षात्कारकर्ता पर भी हमला किया गया और उसके सिर में मामूली चोट आई।

हिंसा के कृत्य की दुनिया भर के लोगों ने व्यापक निंदा की है। चौंकाने वाली घटना पर गुस्सा व्यक्त करने के लिए साहित्यकारों, सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी ट्विटर का सहारा लिया।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री, एंथनी अल्बनीस ने भी चौंकाने वाली घटना की निंदा की और इसे अभिव्यक्ति की वैश्विक स्वतंत्रता पर हमला बताया।

अल्बनीज ने ट्वीट किया, ÷न्यूयॉर्क में सलमान रुश्दी पर हुए दर्दनाक और कायरतापूर्ण हमले की भयानक खबर । एक प्रसिद्ध लेखक के खिलाफ यह मूर्खतापूर्ण हिंसा भी अभिव्यक्ति की वैश्विक स्वतंत्रता पर हमला है और इसकी स्पष्ट निंदा की जानी चाहिए। वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाएं।÷

1981 में अपने उपन्यास %मिडनाइट्स चिल्ड्रन% से सुर्खियों में आए 75 वर्षीय लेखक को उनकी 1988 की किताब के लिए फतवा मिला था। सेटेनिक वर्सेज किताब ने तत्कालीन ईरानी क्रांतिकारी नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी द्वारा एक फतवा, एक धार्मिक फरमान जारी किया। धमकी ने उसे कई सालों तक छुपाने के लिए मजबूर किया।

# चीन की सैन्य आपूर्ति गुणवत्ता से असंतुष्ट बांग्लादेश:रिपोर्ट

**ढाका , 13 अगस्त 2022।** चीन लंबे समय से भारत के पड़ोसी देशों के प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में उभरने की कोशिश कर रहा है। यह एशिया में हथियारों की आपूर्ति के साधन को ÷इंस्ट्रूमेंटम रेग्नि÷ के रूप में उपयोग करता है, अर्थात यह कुछ देशों को सैन्य निर्भरता से बांधने की कोशिश करता है। हालांकि, पश्चिमी मानकों के नीचे उत्पादित उपकरणों की बहुत कम गुणवत्ता, इस परियोजना को कमजोर करती प्रतीत होती है, एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है।

हाल ही में, बांग्लादेश सेना ने चीन उत्तर उद्योग निगम (नोरिन्को) द्वारा टैंक गोला बारूद की आपूर्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे परीक्षण नहीं होने के रूप में खारिज कर दिया। चीन से प्राप्त सैन्य आपूर्ति की गुणवत्ता से देश असंतुष्ट प्रतीत होता है। बांग्लादेश

की आर्थिक स्थिति के कारण, ढाका को चीनियों की ओर रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिन्होंने पश्चिमी देशों की तुलना में अधिक लाभकारी कीमतों का अभ्यास किया। इस कारण से, सेना ने नोरिन्को द्वारा निर्मित (ज्यादातर कॉपी किए गए) हल्के हथियार, तोपखाने और बख्तरबंद वाहनों का अधिग्रहण किया, बांग्लादेश लाइव न्यूज ने एक रोमन समाचार पोर्टल डीआईएफईएसए ऑनलाइन का हवाला देते हुए बताया।



ढाका सरकार, जो बख्तरबंद घटकों के उन्नयन कार्यक्रम में लगी हुई है, ने 2011-2020 की अवधि में चीन से कुल 3 बिलियन अमरीकी डालर के रक्षा उपकरण खरीदे।

2011 में, वास्तव में, उसने टाइप 90-आईआईएम टैंक से शुरू होने वाले नोरिन्को द्वारा निर्मित चीनी एमबीटी-2000 टैंक खरीदा, और 170 टाइप 59 टैंकों को टाइप 59जी मानक में अपडेट भी कर रहा है। जबकि हाल ही में उन्होंने टाइप 69 बेड़े को मानक टाइप 69द्धद्धत्न में संशोधित किया है। बांग्लादेश

द्बसेना ने तोपखाने के आधुनिकीकरण के प्रयास में, 155/52 मिमी सर्बियाई स्व-चालित रोटर नोरा बी -52 प्राप्त करके चीनी निर्मित टुकड़ों को बदल दिया।

बीजिंग बांग्लादेश में एक रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र और पनडुब्बी बेस स्थापित करने की प्रक्रिया में है ।

कॉक्स बाजार प्रांत में मैग्नामा गांव के पास स्थित नौसेना बेस, उच्चतम मूल्य के रणनीतिक मूल्य पर ले जाएगा, क्योंकि यह म्यांमार के साथ सीमा से लगभग 70 किमी दूर कुतुबदिया की तरफ पेकुआ उपजिला क्षेत्र में स्थित होगा। नहर यह सब संभवत- दो चीनी मिंग श्रेणी की पनडुब्बियों (टाइप 035त्न) की ढाका नौसेना द्वारा खरीद से जुड़ा है, समाचार पोर्टल ने बताया।

हाल ही में, चीन प्रेसिजन मशीनरी आयात निर्यात कंपनी (सीपीएमआईईसी) ने भी आपूर्ति कीसमाचार पोर्टल ने बताया कि बांग्लादेश मुख्यालय -7 कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से संबंधित कुछ उपकरणों के साथ है।

हालांकि, परिवहन वाहनों और मिसाइलों के संबंध में कई समस्याएं बताई गई हैं, जिनमें इंजन, संचार प्रणाली और अवरक्त मार्गदर्शन उपकरण शामिल हैं, बांग्लादेश लाइव न्यूज ने बताया। बांग्लादेश द्ब नेवी ने यह भी कहा कि वह चाइना शिपबिल्डिंग और ऑफशोर इंटरनेशनल द्वारा उपलब्ध कराए गए राडार से असंतुष्ट है

। इससे पहले, 2021 में एक रैंड कॉर्पोरेशन (यूएस-आधारित थिंकटैंक) के अध्ययन ने स्पष्ट रूप से चीनी रक्षा अनुबंधों में एक कमी की ओर इशारा किया, जिसमें कहा गया था कि पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है।

# एफबीआई ने ट्रंप के मार-ए-लागो आवास से गोपनीय सामग्री के 11 सेट जब्त किए जिनमें शीर्ष गोपनीय दस्तावेज भी शामिल हैं

**वाशिंगटन [यूएस], 13 अगस्त 2022।** एफबीआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प की फ्लोरिडा संपत्ति मार-ए-लागो की तलाशी के दौरान वर्गीकृत रिकॉर्ड के 11 सेट जब्त किए, जिसमें कुछ सामग्री ÷शीर्ष गुप्त / संवेदनशील÷ के रूप में चिह्नित की गई थी। विभाजित जानकारी÷।



न्यायाधीश ने एफबीआई को मार-ए-लागो में ÷45 कार्यालय÷ के साथ-साथ ÷अन्य सभी कमरों या क्षेत्रों÷ को खोजने के लिए अधिकृत किया, जो पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके कर्मचारियों के लिए बक्से और दस्तावेजों के भंडारण के लिए उपलब्ध थे।

खोज वारंट तीन संभावित संघीय अपराधों को खोज के पीछे तर्क के रूप में पहचानता है- जासूसी अधिनियम का उल्लंघन, न्याय में बाधा और सरकारी रिकॉर्ड का आपराधिक संचालन। पूरा वारंट पढ़ें

बिना सील किए गए वारंट के अनुसार, एफबीआई ने अन्य बातों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति के बारे में तस्वीरें और जानकारी एकत्र की।

नए सील न किए गए दस्तावेजों में से एक खोज वारंट ÷रसीद÷ है जिसमें पता चला है कि एफबीआई एजेंटों ने फ्लोरिडा के पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति के रिसॉर्ट और निवास से 20 से अधिक बक्से हटा दिए, साथ ही तस्वीरों के बाइंडरों, और वर्गीकृत सरकारी सामग्रियों के सेट और कम से कम एक हस्तलिखित नोट, सीएनएन ने बताया।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को 10 लाख डॉलर की आपदा राहत सहायता की घोषणा



**इस्लामाबाद, 13 अगस्त 2022।** पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को प्राकृतिक आपदाओं, जैसे कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पाकिस्तान के समर्थन में 1 मिलियन अमरीकी डालर की आपदा सहायता की घोषणा की। पाकिस्तान में

अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने कराची में सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के साथ बैठक के दौरान अनुदान की घोषणा की ।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा वित्त पोषित मानवीय सहायता सिंध प्रांत में कृषि समुदायों के लचीलेपन का निर्माण करेगी, और सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांतों में पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन अधिकारियों का समर्थन करेगी। भविष्य की आपदाओं के लिए बेहतर प्रतिक्रिया।

ब्लोम ने जोर देकर कहा कि चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अमेरिका के लोग पाकिस्तान के लोगों के साथ खड़े थे, उन्होंने कहा, ÷हमारा दिल उन परिवारों के साथ है जिन्होंने पूरे पाकिस्तान में बाढ़ में अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो वसूली के प्रयासों से भी निपट रहे हैं।÷

÷हमें सिंध समुदायों के लचीलेपन का निर्माण करने में मदद करने पर गर्व है ताकि वे भविष्य में ऐसी आपदाओं का सामना करने में सक्षम हों। हम पाकिस्तान को जल्द से जल्द ठीक होने और पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷

पाकिस्तान में अपने प्रांतों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ देखी जा रही है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई है और कई घर तबाह हो गए हैं।

÷कुल मिलाकर 723 दिन प्रभावित हुए हैं, जबकि 2,135.4 किलोमीटर से अधिक की 548 विभिन्न सड़कें, 45 पुल, 32 दुकानें, 22,817 घर आंशिक रूप से और 4,520 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त, 974 पशुधन मारे गए, और 676,484 एकड़ क्षेत्र में फसलें बह गईं।÷ सीएम सिंध।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मुराद अली शाह ने कहा कि भारी बारिश ने अब तक 130 लोगों की जान ले ली है, जिसमें 54 पुरुष, 11 महिलाएं और 65 बच्चे शामिल हैं, जबकि 422 लोग घायल हुए हैं।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने पाकिस्तान की आपदा प्रबंधन क्षमताओं को मजबूत करने और प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त सिंध समुदायों के साथ काम करने के लिए यूएसएआईडी के माध्यम से अमेरिकी सरकार के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

इस बीच, मौसम विभाग ने शुक्रवार को अगले दो दिनों में सिंध के कई हिस्सों में कुछ ÷भारी÷ से ÷बहुत भारी÷ गिरने और कभी-कभी तेज हवाओं के साथ गरज के साथ छींटे पड़ने की भविष्यवाणी की है।

विभाग ने 14 अगस्त तक कभी-कभी अंतराल के साथ पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में कुछ भारी से बहुत भारी गिरावट और कभी-कभी तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने की भविष्यवाणी की है।

# नाबालिग लड़के से मारपीट के आरोप में मदरसा शिक्षक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद [पाकिस्तान ], 13 अगस्त 2022।** बिगड़ती मानवाधिकार स्थिति के बीचस्थानीय मीडिया ने शनिवार को एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि पाकिस्तान , एक स्थानीय मदरसा शिक्षक को एक छात्रा से कथित रूप से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

घटना में हुईडॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, सेरा-ए-सालेह पुलिस थाने के थाना प्रभारी सिद्दीक शाह ने आरोपी कारी उजैर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान के हरिपुर जिले में अपराध की पुष्टि हुई है। .

एसएचओ ने कहा, ÷खोलियान बाला गांव की एक विधवा ने बताया कि वह अपने 15 वर्षीय भतीजे को तीन साल पहले अपने साथ रहने के लिए ले आई थी। उसने कहा कि उसने उसे कुरान सीखने के लिए मोहल्ला पाराओ के एक मदरसे में भर्ती कराया था, जहां एक मदरसा शिक्षक ने उसके साथ छेड़छाड़ की।।÷

जैसा कि विधवा ने समझाया, एसएचओ ने कहा, ÷शुक्रवार की सुबह, उसने कहा। उसका भतीजा उदास मदरसा से वापस आया और दोपहर में मदरसा शिक्षक के बार-बार फोन करने के बावजूद वहां वापस जाने से इनकार कर दिया। महिला ने कहा कि जब उसने पूछा कि वह क्यों है मदरसे में वापस नहीं जाने पर, लड़के ने खुलासा किया कि उसके मदरसा शिक्षक, कारी उजैर ने उसे एक छोटी सी गलती पर पीटा और उसे मदरसा के अंदर अपने बेडरूम में जाने के लिए मजबूर किया।



डॉन ने एसएचओ के हवाले से कहा, ÷महिला ने कहा कि शिक्षक ने उसके कमरे को अंदर से बंद कर दिया और लड़के के साथ बलात्कार किया। उसने कहा कि पिछले छह महीनों के दौरान उस व्यक्ति ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया और किसी को भी इस घटना के बारे में बताने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी।÷ .

शिकायतकर्ता ने कहा कि संदिग्ध ने जिरगा के जरिए पीड़ित परिवार के साथ समझौता करने का प्रयास किया था, लेकिन जब परिवार ने मना किया तो वह मदरसे से भाग गया.

पुलिस ने संदिग्ध के खिलाफ पीपीसी की धारा 377 और बाल संरक्षण अधिनियम की 53 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड कई मीडिया रिपोर्टों और वैश्विक निकायों के साथ महिलाओं, अल्पसंख्यकों, बच्चों और मीडियाकर्मियों की गंभीर स्थिति को दर्शाते हुए एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

लाहौर स्थित एक एनजीओ ÷साहिल÷ ने कहा कि पंजाब में नाबालिगों को अक्सर हमले का निशाना बनाया जाता है।

यह पता चला कि 2021 में पूरे पंजाब में 3,852 बच्चों को छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का लक्ष्य बनाया गया था और कम से कम 40 पीड़ितों की बाद में हत्या कर दी गई थी।

डॉन के अनुसार, जुलाई के दौरान, और 108 बच्चों का यौन शोषण किया गया, क्योंकि बच्चों के खिलाफ हिंसा समाज को परेशान करती रही, क्योंकि पंजाब में 42 मामले सामने आए, इसके बाद केपी में 32 और सिंध में 21 मामले सामने आए।

कम से कम 82 बच्चों का अपहरण किया गयाइनमें से 30 पंजाब से, 27 केपी से, 13 सिंध से, आठ इस्लामाबाद से और चार बलूचिस्तान से हैं।

शारीरिक हिंसा के स्पर्शरेखा को जारी रखते हुए, जुलाई में कम से कम 22 बच्चों की हत्या कर दी गई - पंजाब में 10 की हत्या कर दी गई, जबकि सिंध और केपी ने क्रमशः पांच और तीन मामले दर्ज किए। बलूचिस्तान और इस्लामाबाद ने दो-दो मामले दर्ज किए।

और जबकि सरकार ने खुद को महिलाओं के अधिकारों के चैंपियन के रूप में चित्रित करने की कोशिश की है, इसका खुला सचपाकिस्तान का कहना है कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति लगातार सरकारों के उदासीन रवैये ने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दिया है जहां महिला विरोधी अपराध बिना किसी दंड के किए जाते हैं।

हर साल हजारों महिलाओं की हत्या, अपहरण और मारपीट की जाती है। सजा की दर बेहद कम है। यहां तक ??कि सरकारी रिपोर्ट भी गंभीर स्थिति की ओर इशारा करती है। हालांकि, इससे भी अधिक परेशान करने वाली बात यह है कि बलात्कार के इन मामलों में से केवल 4 प्रतिशत मामलों में ही दोष सिद्ध हुआ है।

# ताइवान जलडमरूमध्य में चीन यथास्थिति को बर्बाद कर रहा है:विदेश मंत्री जोसेफ वू

**ताइपे, 12 अगस्त 2022।** ताइवान स्ट्रेट में चीन ÷यथास्थिति को खत्म कर रहा है÷, ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की स्व-शासित यात्रा के बाद चीनी सैन्य अभ्यास की निंदा की। द्वीप।

वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, वू ने कहा कि अतिरिक्त विदेशी प्रतिनिधिमंडल ताइपे में ÷अधिक स्वागत योग्य÷ हैं और पिछले हफ्ते पेलोसी की यात्रा के लिए चीन की उग्र प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया।

वू ने ताइवान के विदेश मंत्रालय में साक्षात्कार के दौरान वीओए को बताया, ÷जो कोई भी अपना समर्थन दिखाने के लिए ताइवान आना चाहता है, उसका हमारे पास आने के लिए स्वागत है।÷



मंत्री ने कहा कि ताइवान को अपनी विदेश नीति चलाने से नहीं रोका जाएगा। उन्होंने कहा, %हमें यह याद रखने की जरूरत है कि अगर हम सही काम कर रहे हैं तो चीन के गुस्से को हमें ऐसा करने से नहीं रोकना चाहिए। ÷वे हमेशा ताइवान को सैन्य रूप से धमकी देने के बहाने ढूंढ सकते हैं,÷ उन्होंने वीओए को बताया।

यह प्रतिक्रिया चीन द्वारा ÷द ताइवान क्वेश्चन एंड चाइनाज रीयूनिफिकेशन इन द न्यू एरा÷ शीर्षक से एक श्वेत पत्र जारी करने के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें 22 मिलियन से अधिक लोगों के साथ स्व-शासित द्वीप पर अपने दावों को दोहराया गया है।

चीनी राज्य मीडिया ने कहा कि श्वेत पत्र ÷इस तथ्य को दोहराने÷ के लिए जारी किया गया था कि ताइवान चीन का हिस्सा है और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के संकल्प और राष्ट्रीय पुनर्मिलन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए जारी किया गया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, श्वेत पत्र नए युग में सीपीसी और चीनी सरकार की स्थिति और नीतियों पर जोर देता है। इसमें कहा गया है कि ताइवान प्राचीन काल से चीन का है,

श्वेत पत्र में कहा गया है कि सीपीसी ताइवान के प्रश्न को हल करने और चीन के पूर्ण एकीकरण को साकार करने के ऐतिहासिक मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

# श्रीलंका ने चीनी जासूसी जहाज को डॉक करने की दी अनुमति

**कोलंबो [श्रीलंका], 13 अगस्त 2022।** श्रीलंका ने शनिवार को चीनी जहाज युआन वांग -5 को अपने हंबनटोटा बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी, जिसे व्यापक रूप से एक जासूसी जहाज माना जाता है , स्थानीय मीडिया ने बताया।

टाइम्स ऑनलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका सरकार ने शुक्रवार को युआन वांग-5 जहाज को बंदरगाह पर डॉक करने की मंजूरी दे दी।

रिपोर्ट में कहा गया है, ÷युआन वांग 5 अब निर्धारित समय से पांच दिन बाद 16 अगस्त को हंबनटोटा अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर उतरेगा। यह मूल रूप से 11 अगस्त को आने वाला था। भारत द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए मजबूत चिंताओं के बाद इसमें देरी हुई।÷

इस सप्ताह की शुरुआत में, श्रीलंका ने पुष्टि की कि उसने चीन को चीनी पोत युआंग वांग 5 की यात्रा को हंबनटोटा बंदरगाह के लिए टालने के लिए कहा है ।

चीनी पोत को 11 अगस्त को चीनी पट्टे पर हंबनटोटा बंदरगाह पर ईंधन भरने के लिए डॉक करना था और 17 अगस्त को रवाना होना था।

विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, ÷मंत्रालय ने कोलंबो में चीनी जनवादी गणराज्य के दूतावास को उक्त पोत की यात्रा को हंबनटोटा बंदरगाह तक टालने के लिए कहा है।÷



विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह श्रीलंका और चीन के बीच स्थायी दोस्ती और उत्कृष्ट संबंधों की पुष्टि करना चाहता है, जो एक ठोस आधार पर बना हुआ है, जैसा कि हाल ही में दो विदेश मंत्रियों अली साबरी और वांग यी ने अगस्त में नोम पेन्ह में एक द्विपक्षीय बैठक में दोहराया था। भारत ने हंबनटोटा में पोत के डॉकिंग पर अपनी सुरक्षा चिंताओं को व्यक्त किया था क्योंकि इसे एक शोध पोत के रूप में दिखाया गया था, जबकि जासूसी जहाज समुद्र के तल का नक्शा बना सकता है जो चीनी नौसेना के पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है।

एक अनुसंधान और सर्वेक्षण पोत के रूप में नामित, युआन वांग 5 को 2007 में बनाया गया था और इसकी क्षमता 11,000 टन है।

प्रमुख श्रीलंकाई बंदरगाह की इस महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान, यह हिंद महासागर क्षेत्र के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में उपग्रह अनुसंधान कर सकता है, जिससे भारत के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो सकती हैं। कोलंबो से लगभग 250 किलोमीटर दूर स्थित

हंबनटोटा बंदरगाह उच्च ब्याज चीनी ऋण के साथ बनाया गया था। श्रीलंकाई सरकार ने चीन से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए संघर्ष किया जिसके बाद बंदरगाह को 99 साल के पट्टे पर चीनियों को सौंप दिया गया।

# नौनिहालों को आंगनबाड़ी केंद्रो में सप्ताह में 5 दिन अंडे खिलाये जाने के आदेश का नहीं हुआ पालन

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खडंगवां,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सप्ताह में पांच दिन अंडा खिलाए जाने का आदेश निर्देश कोरिया कलेक्टर ने जारी किया था।



बच्चे हमारे समाज के भविष्य होते हैं। बच्चों के भविष्य की नींव को मजबूत करने और बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में तहत जिले के तात्कालिक कलेक्टर ने 06 माह से 5 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण आहार एवं अंडा खिलाएं जाने का आदेश दिया गया था गरम भोजन और सप्ताह में 5 दिन अण्डा भी बच्चों को खिलाया जाएगा।
खड़गवां मुख्यालय के परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्रों में कोरिया कलेक्टर के आदेश का नहीं किया जा रहा है पालन पिछले दो तीन माह से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अंडा नहीं खिलाया जा रहा था। खड़गवां मुख्यालय क्षेत्र के दौरे के दौरान कलेक्टर कोरिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में अंडा नहीं खिलाएं जाने की जानकारी प्राप्त होने पर सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को लापरवाही करने का नोटिस जारी किया गया।
कोरिया कलेक्टर के आदेशों का पालन भी नहीं किया जा रहा है ऐसा परियोजना के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में देखने और सुनने को मिल रहा है
जबकि सुपोषण अभियान को मजबूत करने के लिए हमर सुपोषित कोरिया अभियान की पहल करते हुए कोरिया कलेक्टर के मध्यम से गंभीर कुपोषित बच्चों को अण्डा वितरण शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण आहार स्वरूप में सप्ताह में 05 दिन अंडा उबाल कर खिलाया जाने के आदेश निर्देश है।
वतर्मान कोरिया कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में अंडा खिलाये जाने की व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में ही उबले अंडे सप्ताह में पांच दिन खिलाए जाने के आदेश दिए गए हैं।
जिससे बच्चों को भरपूर मात्रा में प्रोटीन आयरन, मिनरल और फोलिक एसिड भी मौजूद होते हैं, जो बच्चों के वजन बढ़ाने और विकास में काफी मददगार होते हैं।
आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा नहीं खिलाएं जाने के संबंध में परियोजना अधिकारी निर्मला बरवा से जानकारी चाही तो उन्होंने के कहा कि बीच में समूह के द्वारा अंडा वितरण किया जा रहा था अभी तो कलेक्टर साहब के आदेश से स्वयं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर खिलाया जाना है।

## 17 अगस्त तक आयोजित होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर शनिवार को अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव एवं एसडीएम श्री प्रदीप साहू ने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से हर घर तिरंगा अभियान पर चर्चा की गई। श्री ध्रुव ने कहा कि निर्धारित ध्वज संहिता का पालन करते हुए जिले वासियो को प्रत्येक शासकीय कार्यालयों एवं निजी घरों में तिरंगा फहराना है। उन्होंने उपस्थितों से सुझाव मांगे और हर घर तिरंगा फहराने की अपील भी की।
आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि लोगों में देश भक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृध्दि हो। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री सीएस पैकराए पार्षद श्री द्वितेन्द्र मिश्रा सहित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, क्रेसर संघ निजी विद्यालय के प्रबंधक, निजी अस्पताल के प्रबंधक, राइस मिलर्स संघ, लघु उद्योग संघ, कोल्ड स्टोरेज सहित अन्य संघो के प्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में बड़े धूमधाम से मनाया गया भोजली पर्व

-नगर संवाददाता-
**कोरबा ,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



छग में संस्कृति और पारम्परिक पर्व सुख शांति समृद्धि तथा संतान सुख प्राप्ति के लिए नाग पंचमी के दिन जौ से भोजली उगाकर हर रोज पूजा अर्चना कर भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रथम दिन भोजली का विसर्जन किया जाता है। वार्ड क्र. 56, डगनिया खार अंतर्गत पंखा दफाई, एक नं. दफाई एवं सेन्द्री दफाई में सार्वजनिक भोजली पर्व किर्तन भजन के साथ अहिरन नदी घाट में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसमुण्डा के अध्यक्ष सनिष कुमार, पूर्व पार्षद भुवनेश्वरी देवी, शुत्रहन लाल श्रीवास, संतोष कश्यप, रामफल कश्यप, ईश्वर सिंह, आन्नद राम, रवि साहू, रवि खुंटे, राज कुमार, उमेंद सिंह, हीरामणि, हरिचरण, नरेन्द्र, गंगाधर, जवाहर गुप्ता, शत्रुहन आदित्य, कीर्तन मंडली में धरमलाल साहू, शिव चरण साहू, राम नाथ साहू, रामकुमार जलतारे, कृष्णा कश्यप, चमार सिंह, पुरुषोत्तम आदित्य, रामेश्वर कश्यप, पूजा पुरोहित ईश्वर वैष्णव महिलाओं में राजकुमारी श्रीवास, रश्मि गुप्ता,देवयंती धीवर, राही कश्यप, कुमारी कश्यप, जानकी देवी, अहिल्या कर्ष, पुष्पा जलतारे, दीपा कश्यय, शांति सारथी, विमला यादव, विमलेश साहू, संतोषी श्रीवास, गंगा बाई, यशोदा मरावी, बद्रिका कर्ष, ललीता, धन बाई, चंदाबाई, प्रभा सांडे, आशा, निराशा, डालेश्वरी, शकीला बेगम के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे शामिल रहे।

## राजस्व मंत्री के नेतृत्व में निकाली गई आजादी की गौरव यात्रा

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, ,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** आजादी के 75वें हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर पूरे भारत में कांग्रेसियों द्वारा आजादी के परवानों को याद करते हुए आजादी की गौरव यात्रा निकाली जा रही है। आजादी की गौरव यात्रा 09 अगस्त से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर 75 कि.मी. पदयात्रा प्रारंभ हुआ। बालको ब्लॉक अंतर्गत वार्ड क्र. 34 से वार्ड क्र. 42 तक की यात्रा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में तथा महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी, श्रीकांत बुधिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, विकास सिंह, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, बालको ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, जोन प्रभारी देवीदयाल वितारी, पंचराम आदित्य, वार्ड अध्यक्ष संजय सिंह, विकास डालमिया, आशीष राव, संजय बरेठ, बाबिल मिरी, लक्ष्मी नारायण साहू, बुद्धेश्वर चौहान, ए. अंसारी, दीपक टंडन, जीवेश कुमार, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, पार्षद कृपाराम साहू, गीता किरण, सम्बल कुंवर, पियूष पाण्डेय, एफ. डी. मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत, मुन्ना खान, प्रभात डड़सेना, मनोज भारिया, नूर हसन, ए.डी. जोशी, राकेश पंकज, के. के. चौकसे,



दीपक टंडन, शशीलता पाण्डेय, बल्लू थवाईत, राजू बर्मन, सुधीर शर्मा, प्रमोद डिगस्कर के विशेष उपस्थिति में राज्य सरकार के उपलब्धियों का पर्चा बांटते हुए वार्ड क्र. 34 लालघाट से वार्ड 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 होते हुए वार्ड क्र. 42 रूमगड़ा शिवनगर में संध्या समय सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। इस मौके पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आज से 80 सालों पहले 1942 में गांधी जी ने दो शब्द ''भारत छोड़ो'' अंग्रेजों के लिए कहा था। इन्ही दो शब्दों से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानियों व कार्यकर्ताओं के साथ साथ पूरे देशवासियों पर व्यापक प्रभाव पड़ा। यही दो शब्द ''भारत छोड़ो'' आंदोलन ने भारत में अंग्रेजी हुकूमत की बुनियाद को झकझोर दिया था। इस आंदोलन ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में एक अमिट तथा निर्णायक छाप छोड़ी।
राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आगे कहा कि वर्तमान परिवेश में देश के हालात को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो का नारा देते हुए देशवासियों को आपसी भाई चारा के साथ रहने अपील कर रही है। आज जो लोग देश में अराजकता फैलाने में लगे हैं उन्हे रोकने का यही एक कदम कारगार सिद्ध हो सकेगा। जब हम सब भ्रातृत्व भाव की भावना से एकजुट रहेंगे तो कोई भी विद्रोही ताकत हमें अलग नहीं कर पाएगी।गौरव यात्रा के अंत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुंदर सोनी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, संतोष राठौर, दुष्यंत श 'आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर प्रकाश डाला। गौरव यात्रा को सफल बनाने में बालको ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने प्रतापपुर में किया अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट का शुभारंभ

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर ,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
अप्रैल 2022 में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जन भावनाओं के अनुरूप प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के मांग के अनुरूप राजस्व प्रकरण सहित अन्य मामले अपर कलेक्टर संबंधित है उनका निराकरण किए जाने के लिए प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट प्रारंभ किए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप स्कूल शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री कंचन सोनी, मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव,शक्कर कारखाना अध्यक्ष श्री विद्यासागर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजू मिंज, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, तहसीलदार श्री प्रतीक जयसवाल, नायब तहसीलदार श्री राधेश्याम तिर्की, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, वकीलगण, राजस्व विभाग की अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट प्रारंभ किए जाने से प्रतापपुर क्षेत्र के नागरिकों को सूरजपुर आने से निजात मिलेगा, समय एवं आर्थिक क्षति की बचत होगी एवं प्रकरणों का निराकरण समय अवधि में हो पाएगा।

## कलेक्टर ने एमएमयू में कराया बीपी व शुगर जांच सुविधाओं का लिया जायजा

**अम्बिकापुर,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** /कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने शनिवार को अम्बिकापुर के डीसी रोड में मुख्यमंत्री मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा लवाये गए स्वास्थ्य शिविर में अपना बीपी व शुगर जांच कराया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा स्टाफ से एमएमयू में मिलने वाली सुविधाये, अब तक कितने लोगों क निःशुल्क ईलाज किया गया हैए कितने एमएमयू संचालित है आदि की जानकारी ली।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह भी मौजूद थे।कलेक्टर ने एमएमयू को राज्य शासन की महती योजना बताते हुए इसे शहरी क्षेत्र के पारा-मोहल्ला के निवासियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने कहा। उन्होंन ईलाज कराने आये लोगो से भी एमएमयू की सुविधा मिलने स्व उन्हें किस तरह से लाभ हो रहा है इसकी जानकारी ली और एमएमयू के अधिक से अधिक लोगो को लाभ उठाने की अपील की।शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत जिले में कुल 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। एमएमयू का संचालन चिन्हांकित स्लम एरिया में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाता है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**प्रथम शुद्धिपत्र**

**क्रमांकः सीईसी/बीएसपी/ईआर/टी/एमआईएससी/22-23/09, दिनांकः 01.06.2022.**
**कार्य का नामः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर मण्डल के बिलासपुर में व्यवस्थापन हेतु 100 यूनिट टाइप–II क्वार्टर का निर्माण कार्य जिसमें विभिन्न विकास कार्य जैसे ओ.एच. टैंक, सड़क, नाली आदि साथ ही इसमें आंतरिक विद्युतीकरण, स्ट्रीट लाइट, सब–स्टेशन आदि कार्य का कार्यान्वयन हेतु।" उपरोक्त कार्य से संबन्धित निविदा दस्तावेज/ एनआईटी में निम्नलिखित सुधार किया गया है: उपरोक्त कार्य से संबंधित ई.पी.सी. निविदा में संदर्भित नंबर 1.8.6, एवं 1.10 अनुबंध–I, ई.पी.सी. निविदा दस्तावेज के शैड्यूल–'बी', संदर्भित नंबर 3.10. अनुसूची 'जी' के अनुबंध मूल्य भार के अनुसार, विभिन्न विद्युत सामान्य सेवाएं कार्य: अनुबंध मूल्य के अनुसार, संदर्भित नंबर 3.20 अनुबंध–I के शैड्यूल–'बी' आदि को संशोधित किया गयाा है, इसके अतिरिक्त द्वितीय प्री–बीड मीटिंग में उठाया गया, सवालो को भी सक्षम प्राधिकारी के द्वारा सुलझाया गया है। उपरोक्त संशोधन को **दिनांक 01.08.2022 www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। अन्य सभी नियम एवं शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
सीपीआर/10/177 — कृते उप मुख्य अभियंता(निर्माण)/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

R.O.No:-BSP/451/2022-23


## आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब कोरबा द्वारा सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ भव्य तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

-नगर संवाददाता-
**कोरबा ,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
रोटरी क्लब ऑफ कोरबा द्वारा 13 अगस्त को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा आजादी के 75 वां वर्षगांठ दिवस के अवसर पर कोरबा जिला के सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को एकत्रित कर एक भव्य तिरंगा रैली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्व यह रैली ओपन थिएटर घंटाघर चौक से शुभारंभ हुआ और सुभाष चौक दशहरा मैदान से होकर ओपन थिएटर घंटाघर चौक पर समाप्त हुई। रोटरी क्लब कोरबा द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया किया गया जिसमें 12 से ज्यादा स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस तिरंगा रैली को प्रतियोगिता का स्वरूप दिया गया और इसमें प्रथम पुरस्कार गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पीडब्ल्यूडी, द्वितीय पुरस्कार न्यू एरा पब्लिक स्कूल ,तृतीय पुरस्कार दिव्य ज्योति छात्रावास को घोषित किया गया ।



लगभग 2000 बच्चों ने इस रैली में भाग लिया रोटरी क्लब के सचिव नितिन चतुर्वेदी ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव में शासन प्रशासन सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा अधिकारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, रोटरी क्लब के इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल ने बताया लगभग 10 से ज्यादा स्कूल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी पीडब्ल्यूडी न्यू एरा स्कूल कोरबा, दिव्य ज्योति छात्रावास, एन.सी डी.सी स्कूल स्वष्टरु गवर्नमेंट सेकेंडरी कन्या शाला, निर्मला स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा,ब्लू बर्ड स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी, विद्युत गृह स्कूल , के सभी छात्रों ने भरपूर जोश के साथ रैली में भाग लिया द्व इस कार्यक्रम में उपस्थित रोट पारस जैन ,सचिव नितिन चतुर्वेदी, रोटे संजय बुधिया,रीता क्षेत्रपाल, मंजीत सिंह, मनीष अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल गुड्डू, प्रशांत मुरारका, दीपक अग्रवाल, साहिल क्षेत्रपाल, राकेश अग्रवाल, मुकेश जैन, धर्मेंद्र जैन, डॉ प्रिंस जैन, डॉक्टर संजय अग्रवाल, महेंद्र चोपड़ा, संतोष जैन, किशोर अग्रवाल, दीपक लाम्बा, मनीष पोद्दार, नितिन गुप्ता, दीपक अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा आजादी की 75 वी वर्षगांठ

-नगर संवाददाता-
**कोरबा ,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
जिले में आजादी की 75वी वर्षगांठ 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आज अंतिम रिहर्सल सीएसईबी ग्राउंड पर संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री संजीव झा के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले ने इस अंतिम रिहर्सल में ध्वजारोहण किया और सशस्त्र बलों द्वारा सलामी भी ली। कलेक्टर श्री झा और एसपी श्री संतोष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी तैयारियों का भी इस दौरान जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान बैठक व्यवस्था सहित सम्पूर्ण आयोजन में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंतिम रिहर्सल में नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पांडेय, एसडीम कोरबा श्री हरिशंकर पैंकरा सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कोरबा जिले में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। श्री अग्रवाल सीएसईबी ग्राउंड पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे और सलामी लेंगे। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। बैठक व्यवस्था में सामाजिक एवं व्यक्तिगत दूरी का विशेष रूप से पालन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी ।

## ग्राम पंचायत अखराडांड में विशाल तिरंगा यात्रा हुआ सम्पन्न

-नगर संवाददाता-
**खडंगवां,13 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आजादी के 75 साल पूरे होने पर पूरे देश में तिरंगा रैली निकाली जा रही है इसी क्रम में जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत अखराडांड से जनपद मैदान खड़गवां तक पैदल, बाइक व ट्रैक्टर के साथ विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ।
भाजपा खड़गवां मंडल के द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में युवा, बच्चे, महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दोपहर 11 बजे ग्राम अखराडांड से शुरू हुआ। जिसमें देश भक्ति गीतों के साथ भारत माता की जय के उदघोष के साथ पैदल, बाइक व ट्रैक्टरों की रैली प्रारंभ हुई। जो दोपहर 1 बजे खड़गवां जनपद मैदान तक पहुची जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान रुक रुक कर हो रही बारिश भी लोगो के उत्साह को कम न कर सकी, लोग स्वेच्छा से इस तिरंगा यात्रा में शामिल होते दिखाई दिए। यात्रा समापन के उपरांत भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और अपनेपन की भावना पैदा



करने के लिए है। सड़कों पर अद्भुत दृश्य दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा में शामिल हर व्यक्ति देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया और जोशो-खरोश से लगाए जा रहे भारतमाता के जयकारे यह आभास करा रहे थे कि हर व्यक्ति तिरंगे और भारतमाता के सम्मान को अक्षुण्ण रखने के लिए संकल्प ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विजय पताका सारी दुनिया में चहुंओर फहरा रही है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि तिरंगा हमारा राष्ट्रीय गौरव है और हमारी इच्छाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसी तिरंगे को हाथ में लेकर हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्रांतिकारी अंग्रेजों से भिड़ गए थे। तो आइये, हम सब यह संकल्प लें और अपने आसपास के लोगों को भी यह संकल्प दिलाएं कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा ध्वज जरूर फहराएंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जनार्दन साहू, रघुनंदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे, मुकेश जायसवाल, अरुणोदय पांडेय, धनंजय पांडेय, रामलाल, रामप्रताप, राहुल गुप्ता, रमेश जायसवाल, धर्मपाल सिंह, बबलू डे, मनदीप गिरी, राजेन्द्र दास, गिरजा जायसवाल, विजेंद्र देवांगन, हरवंश साहू, रमजान खान, अब्दुल, बबलू शर्मा, राजू नायक, संदीप सोनवानी, मनोज साहू, पुष्पराज जायसवाल, अनिल सिंह, अशोक खरे, संत कुमार, ऋषिकेश, जया मरावी, सतेंद्र साहू सहित काफी संख्या में स्थानियजन उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202208020700014**

**विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2021-2022**

**कृष्णापुर प.ह.न. 00030 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-सुहन राम,**
**अनवेदक पक्षकार- दुहन राम**

**ईश्तहार**

आवेदक सुहन राम आ0 स्व0 सोभरन,निवासी ग्राम कृष्णापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा ग्राम कृष्णापुर तहसील अम्बिकापुर स्थित कुल खसरा नंबर 9 कुल रकबा 4.019 हे0 भूमि का उभयपक्ष के मध्य में 1/2 अंश में बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.09.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/08/2022 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2021-22

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज कुमार सिंह आ0 रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम सरगवां तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 434/69 रकबा 0.011 हे0 भूमि एवं उस पर निर्मित पक्का मकान को अनावेदक शालिग्राम प्रसाद सोनी आ0 ब्रजमोहन प्रसाद सोनी निवासी भट्ठी रोड केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपए 20,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07/09/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — **तहसीलदार सरगुजा(अम्बिकापुर)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-/अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पाण्डेय आ0 ददौली प्रसाद पाण्डेय, उम्र-42 वर्ष निवासी-गोधनपुर फ रिस्ट कालोनी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती रेणु सोनी,पत्नी नवनीत सोनी,उम्र-37 वर्ष निवासी-सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-सत्तीपारा,नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 758/20, 761/2, 762/2 रकबा $0.00^{1/2}$, 0.009, $0.00^{1/2}$ एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 758/20,761/2, 762/2 रकबा $0.00^{1/2}$, 0.009, $0.00^{1/2}$ एकड़ को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 02.08.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती रेणु सोनी पत्नी नवनीत सोनी,उम्र-37 वर्ष निवासी सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 02.08.2022 के आधार पर नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/08/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**

# एशिया कप जीतने का दावेदार है भारत:पॉन्टिंग



**दुबई ,13 अगस्त 2022 ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने भारत को एशिया के प्रमुख क्रिकेट आयोजन 'एशिया कप' को जीतने का दावेदार बताया है।

पॉन्टिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' के नये एपिसोड में कहा, सिर्फ एशिया कप ही नहीं, बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल होता है। उनकी गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा।

पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत का पलड़ा भारी है।

पॉन्टिंग ने 28 अगस्त को होने वाले मैच के बारे में कहा, मैं पाकिस्तान के खिलाफ उस मुकाबले को जीतने के लिए भारत के साथ रहूंगा। मैं पाकिस्तान की उपेक्षा नहीं कर रहा क्योंकि वे एक अविश्वसनीय क्रिकेट राष्ट्र हैं जो लगातार बेहतरीन खिलाड़ियों को मंच देते हैं।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान एशिया कप में 14 बार आमने-सामने आये हैं जिसमें भारत ने आठ बार जीत दर्ज की है जबकि पांच बार नतीजा पाकिस्तान के पक्ष में रहा है। एक मैच बारिश में धुलने के कारण रद्द हुआ है।

पॉन्टिंग ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले की लोकप्रीयता के बारे में कहा, एक क्रिकेट प्रेमी होने के नाते, जब भी इस तरह के मुकाबले होते हैं तो बैठकर देखना हमेशा अच्छा होता है क्योंकि हर चीज़ का स्तर बढ़ जाता है।

भारत ने खिलाड़ियों के अत्यधिक रोटेशन के बावजूद इस सत्र में अपने 21 टी20 मैचों में से 17 में जीत दर्ज की है।

पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि यदि मोहम्मद शमी को टी20 विश्व कप के लिये टीम में शामिल किया जाता है तो वह शीर्ष टूर्नामेंट में भारत के लिये महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

मोहम्मद शमी पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप 2020 के बाद टी20 टीम से बाहर हैं।

पॉन्टिंग ने कहा, वह बहुत लंबे समय से भारत के लिये एक अच्छे गेंदबाज़ रहे हैं। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में भारत के पास शमी से बेहतर गेंदबाज हैं, और उन्होंने एशिया कप के लिये भी तीन तेज गेंदबाजों का ही चयन किया है। अगर विश्व कप के लिये चार तेज गेंदबाज चुने जाते हैं तो चौथा नाम उनका हो सकता है।

## शिखर धवन को कप्तानी से हटाए जाने पर सबा करीम ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली ,13 अगस्त 2022 ।** केएल राहुल के फिटनेस टेस्ट पास करते ही चयनकर्ताओं ने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए शिखर धवन को कप्तानी से हटा दिया। जिम्बाब्वे दौरे पर हरारे स्पोटर्स क्लब में होने वाले तीनों वनडे मैचों के लिए केएल राहुल को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि पूर्व चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि शिखर धवन को कप्तानी से हटाने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि कप्तान के रूप में सीमित ओवरों के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद धवन को कप्तान बनाए रखना चाहिए था। सबा करीम ने आगे कहा कि राहुल को बतौर खिलाड़ी टीम में होना चाहिए था।



केएल राहुल को केवल एक सदस्य के रूप में सीरीज खेलनी चाहिए, उन्हें कप्तान या उप-कप्तान बनाना इतना महत्वपूर्ण नहीं है। वह लंबे ब्रेक के बाद आ रहे हैं। शिखर धवन टीम के एक सीनियर खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान के रूप में घोषणा करने के बाद आपको उसे महत्व देना होगा।

धवन ने छह वनडे मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली है, जिनमें से पांच मैचों में टीम को जीत मिली। इसके अलावा धवन ने तीन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों में भी कप्तानी की है जिनमें उनका रिकॉर्ड एक जीत और दो हार है। धवन ने पिछले साल जुलाई में पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी की थी। वह हाल में वेस्टइंडीज के वनडे दौरे में भी टीम के कप्तान थे।

पूर्व विकेटकीपर सबा करीम ने आगे कहा, कप्तानी की प्रवृत्ति में जिस तरह का बदलाव अजीब और संदिग्ध है। इस तरह के फैसले बहुत सोच समझकर लेने की जरूरत है। जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह टीम के माहौल से जुड़ा है, आपको टीम भावना का निर्माण करने की जरूरत है। एक कप्तान आगामी मैचों के लिए अपनी योजनाओं के बारे में सोचना शुरू करता है और फिर आप अचानक बदलाव कर देते हैं। यह क्रिकेटर के मनोबल को प्रभावित करता है।

राहुल ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीकी दौरे में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पहली बार भारतीय टीम की अगुवाई की थी। उनके नेतृत्व में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जो तीन वनडे मैच खेले थे उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## पुनेरी पलटन को उनका पहला पीकेएल खिताब जिताने के लिये तैयार हूं:फाजिल अतरचली

**कोलकाता ,13 अगस्त 2022 ।** ईरान के दिग्गज कबड्डी खिलाड़ी फ़ज़ल 'सुल्तान' अतरचली ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवें सीज़न के लिये पुनेरी पलटन में शामिल होने के बाद कहा है कि वह अपनी नयी टीम को पीकेएल का खिताब जिताने के लिये तैयार हैं।

गौरतलब है कि पीकेएल की ताज़ा नीलामी में सुल्तान के साथ-साथ पवन कुमार सेहरावत और विकास कंडोला जैसे बड़े खिलाड़ी भी नयी टीमों में गये हैं। तीनों खिलाड़ियों को एक करोड़ से ज्यादा की कीमत में अनुबंधित किया गया है।

सुल्तान ने पुनेरी पलटन में 1.38 करोड़ में शामिल होने के बाद कहा, मैं पुनेरी पलटन टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के साथ टीम बहुत अच्छी है। मैं शुरुआत करने और टीम को अपना पहला पीकेएल खिताब जीतने में मदद करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।

इसी बीच, पुनेरी पलटन के कोच बीसी रमेश ने कहा कि फ्रेंचाइज़ी सुल्तान को शामिल करने के लिये उत्सुक थी क्योंकि वह टीम को पूरा करते हैं।

उन्होंने कहा, हमारी टीम में मुख्य अंतर फजल अतरचली का है। हमारे पास पहले से ही संकेत सावंत, अभिनेश नादराजन और सोमबीर हैं। फ़ज़ल हमारी टीम के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त खिलाड़ी हैं। हमें टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की जरूरत है और फजल काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह डिफेंस में बहुत अच्छा खेलते हैं और दबाव की स्थिति में कैसे खेलना है, इस पर टीम को संभाल सकते हैं।

कोच रमेश ने कहा, वह टीम में युवाओं का मार्गदर्शन कर सकते हैं कि कब आक्रमण करना है और खेल के दौरान विभिन्न परिस्थितियों में कैसे बचाव करना है।

## आधी रात को जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय टीम

**नई दिल्ली ,13 अगस्त 2022 ।** जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम शनिवार को रवाना हुई। बीसीसीआई ने ट्विटर पर कोच वीवीएस लक्ष्मण, शिखर धवन, दीपक चाहर समेत कई अन्य खिलाड़ियों की तस्वीरें पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 18 अगस्त को खेला जाएगा, वहीं अन्य दो मुकाबले 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया के कप्तान केएल राहुल होंगे।



जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना होने से पहले शिखर धवन ने अपनी फेसबुक स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसमें वह एयरपोर्ट पर सोते नजर आ रहे थे। बता दें, बीसीसीआई ने 31 जुलाई को जिम्बाब्वे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया था और उस समय टीम की कमान शिखर धवन को सौंपी गई थी। मगर कुछ दिन पहले केएल राहुल ने फिटनेस टेस्ट पास कर ना सिर्फ टीम में जगह बनाई, बल्कि बीसीसीआई ने उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी। धवन अब इस दौरे पर टीम के उप-कप्तान है। यहीं नहीं दौरे से पहले कप्तान के अलावा टीम का कोच भी बदला है। एशिया कप से पहले नियमित कोच राहुल द्रविड़ को आराम देकर बीसीसीआई ने वीवीएस लक्ष्मण को हेड कोच बनाकर जिम्बाब्वे भेजा है।भारत की वनडे टीम बनाम जिम्बाब्वे- केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (2द्य), संजू सैमसन (2द्य), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

# सिनसिनाटी ओपन से बाहर हुए नोवाक जोकोविच

**सिनसिनाटी ,13 अगस्त 2022 ।** 21 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण अमेरिका की यात्रा नहीं कर सकेंगे और इसी वजह से सिनसिनाटी ओपन हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से उन्हें पीछे हटना पड़ा। वह इस साल अमेरिकी ओपन भी नहीं खेल पायेंगे जो न्यूयॉर्क में 29 अगस्त से शुरू हो रहा है।



सर्बिया के 35 वर्ष के जोकोविच पहले भी कह चुके हैं कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिये टीका नहीं लगवायेंगे। इसी वजह से वह जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिका में दो टूर्नामेंट नहीं खेल सके। मांट्रियल में चल रहे टूर्नामेंट से भी वह बाहर हैं क्योंकि अमेरिका और कनाडा में उन्हें प्रवेश वर्जित है जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, गाएल मोंफिल्स, रीली ओपेल्का और डोमिनिक थीम भी चोट के कारण नहीं खेलेंगे। सेरेना विलियम्स यहां खेल रही है और टूर पर यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों से लौटे भारतीय दल से मुलाकात की

**नई दिल्ली ,13 अगस्त 2022 ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत से एक प्रेरणादायक उपलब्धि के साथ देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निवास स्थान पर भारतीय दल की मेजबानी की। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत 61 पदक जीते।

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा ,''आप सभी वहां मुकाबला कर रहे थे लेकिन समय का अंतर होने के कारण हिंदुस्तान में करोड़ों भारतीय रतजगा कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नजर थी। बहुत से लोग अलार्म लगाकर सोते थे कि आपके प्रदर्शन का अपडेट लेंगे। खेलों के प्रति इस दिलचस्पी को बढाने में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है और इसके लिये आप सभी बधाई के पात्र हैं।'' उन्होंने कहा ,''इस बार का हमारे प्रदर्शन का ईमानदार आकलन सिर्फ पदकों की संख्या से संभव नहीं है। हमारे कई खिलाड़ी इस बार करीबी मुकाबले खेलते नजर आये और यह भी किसी पदक से कम नहीं है। प्वाइंट एक सेकंड का फासला रह गया होगा लेकिन उसे भी हम कवर कर लेंगे क्योंकि ये मेरा आप पर विश्वास है।'' उन्होंने कहा,'' जो खेल हमारी ताकत रहे हैं उनको तो हम मजबूत कर रही रहे हैं। हम नये खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं।



हॉकी में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, उसके लिये मैं दोनों टीमों के प्रयास, मेहनत और मिजाज की सराहना करता हूं।'' प्रधानमंत्री ने कहा ,'' पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नये खेलों में जीत का नया रास्ता बनाया। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है जिससे नये खेलों में युवाओं का रूझान बढने वाला है। इसी तरह नये खेलों में प्रदर्शन सुधारते चलना है।'' उन्होंने कहा ,'' सभी सीनियर खिलाड़ियों ने उम्मीद के अनुसार लीड किया और युवाओं ने तो कमाल ही कर दिया। मेरी खेलों से पहले जिन युवा साथियों से बात हुई थी, उन्होंने अपना वादा निभाया। '' प्रधानमंत्री ने कहा ,''मुझे खुशी है कि आप समय निकालकर मेरे निवास पर परिवार के सदस्य के रूप में आये। आपकी सिद्धि का यश आपके साथ जुड़कर जैसे हर हिंदुस्तानी गर्व करता है, मैं भी गर्व कर रहा हूं।

दो दिन बाद देश आजादी के 75 वर्ष पूरे करने वाला है। यह गर्व की बात है कि देश आप सभी की मेहनत से एक प्रेरणादायक उपलब्धि के साथ आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है।'' उन्होंने मामल्लापुरम में हुए शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा ,'' बीते कुछ हफ्तों में देश ने खेल के मैदान में दो बड़ी उपलबधियां हासिल की है। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ देश ने पहली बार शतरंज ओलंपियाड का सफल आयोजन किया और इस खेल में समृद्ध परंपरा को कायम रखते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। मैं शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और सभी पदक विजेताओं को भी इस अवसर पर बधाई देता हूं।''

## तेलुगू थ्रिलर हाईवे में नजर आएंगे आनंद देवरकोंडा,अभिषेक बनर्जी




अभिनेता आनंद देवरकोंडा और अभिषेक बनर्जी आगामी तेलुगू मनोवैज्ञानिक थ्रिलर हाईवे में एक साथ नजर आएंगे। हाईवे एक फोटोग्राफर विष्णु (आनंद देवरकोंडा) के बारे में एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, जिसे तुलसी (मनसा) से प्यार हो जाता है, जिसे जीवन भर आश्रय दिया गया था। जब सब कुछ बढ़िया चल रहा होता है, तो उसका जीवन उल्टा हो जाता है जब डी नाम का एक सीरियल किलर उसकी प्रेमिका का अपहरण कर लेता है।

क्या नायक समय रहते उसे बचा पाएगा? यह घोषणा स्थानीय मनोरंजन ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा ने की। निर्देशित और लिखित के.वी. गुहान और वेंकट तलारी द्वारा निर्मित यह फिल्म बहुत जल्द बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। अहा ने 6 अगस्त को ओरिजिनल फिल्म का पोस्टर लॉन्च किया है। आनंद टॉलीवुड स्टार विजय देवरकोंडा के भाई हैं, और उन्होंने पहले तेलुगू फिल्म मिडिल क्लास मेलोडीज में अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है।

## लोग मेरी तारीफ करते हैं कि मैं रानी मुखर्जी जैसी लगती हूं:रचना मिस्त्री



ना उम्र की सीमा हो की अभिनेत्री रचना मिस्त्री काफी खुश हैं क्योंकि उनकी आवाज की तुलना बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी से की जा रही है। इसको लेकर अभिनेती रचना कहती है, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी तारीफ रही है और हमेशा रहेगी। साथ ही रानी मुखर्जी मेरे पिता की पसंदीदा अभिनेत्री हुआ करती थीं।

इसलिए जब भी वह स्क्रीन पर दिखाई देती थीं, तो मेरे पिता उनकी प्रशंसा करते थे और कहते थे कि वह सभी से अलग है।उनकी आवाज इतनी अलग है कि यह उन्हें सभी से अलग बनाती है।रचना, शो में विधि का किरदार निभाती नजर आ रही हैं जिसे एक बुजुर्ग से प्यार हो जाता है। कहानी यह है कि उम्र के फासले के बावजूद उनका रिश्ता कैसे विकसित होता है।अभिनेत्री आगे कहती हैं, जब से मेरी आवाज बदलनी शुरू हुई, लोग मेरी तारीफ करते हैं कि मैं रानी मुखर्जी से मिलती-जुलती हूं और मैं इस तारीफ को सुनकर सातवें आसमान पर पहुंच जाती हूं।लेकिन मैं खुद अभिनेत्री को बहुत प्यार करती हूं। उनका काम और उनकी फिल्में हमेशा मेरे और मेरे पिता के लिए आकर्षक रही हैं, इसलिए उनकी तुलना की जा रही है, भले ही यह उनकी आवाज के मामले में ही सबसे बड़ी तारीफ है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।शो में इकबाल भी देव का किरदार निभा रहे हैं। यह स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

## यानाई के रीमेक में श्रद्धा कपूर के साथ काम करना अच्छा लगेगा:अरुण विजय



तमिल अभिनेता अरुण विजय का कहना है कि वह चाहते हैं कि फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी यानाई का हिंदी में रीमेक बनाएं, जिसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर उनके साथ नजर आएंगी। उसी के बारे में बात करते हुए अरुण ने उल्लेख किया, मैं यानाई में अपने प्रदर्शन के लिए इतना प्यार पाकर खुश हूं। सारा श्रेय हरि को जाता है। हम और अधिक नहीं मांग सकते थे।उन्होंने आगे कहा, अगर हम हिंदी में यानाई बनाते हैं, तो मैं रोहित शेट्टी को फिल्म निर्देशित करना पसंद करूंगा, क्योंकि एक्शन से भरपूर दृश्यों की बात करें तो कोई भी उनके दृष्टिकोण से मेल नहीं खा सकता।

मेरे साथ श्रद्धा कपूर का होना और भी रोमांचक होगा। मैंने उनके साथ पहले भी काम किया है, वह एक अद्भुत अभिनेत्री हैं। मुझे उनका शिल्प पसंद है, इसलिए उनके साथ एक बार फिर काम करना बहुत अच्छा होगा।

## वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नज़र आएगी अदाकारा काव्या किरण



बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक नीरज पाठक की अपकमिंग मल्टी स्टारर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में अदाकारा काव्या किरण अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरती नज़र आएगी। इस वेब सीरीज में रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं, काव्या के अपोजिट फ्रेडी दारूवाला भी हैं। यह एक वास्तविक जीवन पर आधारित कहानी है। जो नब्बे के दशक के काल खंड से जुड़ी रहस्य और रोमांच से भरपूर कहानी है। इसमें काव्या का किरदार काफी दिलचस्प है। अभिनेत्री काव्या किरण ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर की रहने वाली हैं। काफी समय से उनका पूरा परिवार मुंबई की माया नगरी में रह रहा है।

जो व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी हार नहीं मानता जब लाखों तूफान या कोई परेशानी आती है। सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए, वह मजबूत होती है और मनुष्य की ये बुनियादी चीजें उसके मूल्य, संस्कृति और अपने परिवार के लिए प्यार हैं। काव्या किरण भी इन्हीं सिद्धांतों से बंधी हैं। बचपन से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखने वाली काव्या के परिवार वाले सोचते थे कि वह अपने जीवन में आगे कैसे बढ़ेंगी, लेकिन उन्होंने अपने हौसले और जज्बे से साबित कर दिया कि वह किसी से कम नहीं हैं और हर काम को सहजता, निडरता से करने में सक्षम हैं। उनके परिवार ने भी उनका भरपूर साथ दिया और हमेशा उनके साथ खड़े रहे।

काव्या ने शास्त्रीय नृत्य सीखा है और पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पार्ट टाइम जॉब भी की। लेकिन फिल्मों के प्रति आकर्षण के चलते वह मायानगरी से दूर नहीं रह पाईं। अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने मॉडलिंग और अभिनय की दुनिया में कदम रखा और उनका यह कदम उन्हें उनके बेहतर भविष्य की ओर ले गया। उन्होंने बीएसएनएल, हॉट एन ड्यू परफ्यूम जैसे कई विज्ञापनों में काम किया है। इसके अलावा जूलरी, साड़ी, सलवार आदि के सौ से ज्यादा प्रिंट के विज्ञापन भी काव्या के द्वारा किए जा चुके हैं। काव्या लगातार काम करने में विश्वास रखती हैं।

हाल ही में उन्होंने राजीव मोहंती की उड़िया फिल्म 'भोका' में काम किया। यह एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार की वास्तविक जीवन की कहानी है जो शहरों में रहता है। यह कहानी है कोरोना महामारी के कारण उस परिवार के जीवन में उथल-पुथल की। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स का भरपूर प्यार मिला और वाहवाही भी मिली यह फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली है।

काव्या ने हिंदी और उड़िया फिल्मों, संगीत एल्बम, वेब सीरीज, लघु फिल्मों और विज्ञापनों में काम किया है। काव्या अध्यात्म से जुड़ी शख्सियत हैं। अभिनय के क्षेत्र में वह श्रीदेवी, काजोल, कंगना रनौत, शाहरुख खान और ऋतिक रौशन के अभिनय को काफी पसंद की करती हैं। उड़िया फिल्म 'खुशी' के लिए काव्या को वर्ष 2019 में उड़ीसा सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'भोका' के लिए चलचित्र अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। उन्हें इंडियन इंडिविजुअल एक्सीलेंस के लिए इंडियन ग्लोरी अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। काव्या फिल्म 'रंग ए इश्क', 'राम रतन', 'इश्क़ियत' में काम कर चुकी हैं। वह टी-सीरीज के प्रमोशनल सॉन्ग 'नशा मेन्यू चड़ गया' में भी नजर आई थीं। वह उड़िया फिल्म 'रहस्य द मिस्ट्री' और 'रघु सागर' में भी अहम भूमिका में हैं।












# स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई




## युवा अधिवक्ता डीके सोनी... अफसरों पर लगवाया 23 लाख का अर्थदंड

भ्रष्टाचार, शोषण और अन्याय के खिलाफ सरगुजा से उठने वाली आवाजों में एक आवाज युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी की भी होती है। संघर्ष और कठिन चुनौतियों का सामना कर समाज और न्याय हित में वे लगातार आगे बढ़ते चले गए। कई बार परिस्थितियां बेहद कठिन रही लेकिन बिना डरे उन्होंने कदम पीछे नहीं खींचा। आज वे उत्तर छत्तीसगढ़ के एक ऐसे युवा के रूप में चर्चित हो चुके हैं जो शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार के खिलाफ ना सिर्फ आवाज उठाते हैं बल्कि पुख्ता प्रमाण के साथ समाज को यह बताते हैं कि वित्तीय गड़बड़ी में कौन-कौन शामिल है। उनके साहस भरे कदम के कारण सिर्फ सरगुजा क्षेत्र में ही अधिकारियों पर 23 लाख रुपए से अधिक का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। मनरेगा के कार्यों में लगभग साढ़े पांच करोड रुपए का अवार्ड पारित कराया गया। मजदूरों को 50 से 60 लाख की बकाया मजदूरी राशि का भुगतान हो सका। अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी आज भी भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ सरगुजा की मजबूत आवाज बने हुए हैं। उन्हें जहां भी जनहित से जुड़े मामलों में गड़बड़ी की शिकायत मिलती है वे उस मामले को न सिर्फ पुख्ता प्रमाण के साथ उजागर चलते हैं बल्कि विधि सम्मत कार्रवाई कराने से भी पीछे नहीं हटते।

शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और शासकीय राशि की सदुपयोगिता के साथ पारदर्शी व्यवस्था के लिए देश में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया गया है। केंद्र सरकार ने जिस उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अंबिकापुर के युवा अधिवक्ता डीके सोनी लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सरगुजा के अलावा छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न घोटालों को राजफाश कर समाज के सामने प्रस्तुत करने वाले डीके सोनी की शिकायतों पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ नकेल भी कसी गई।

युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी ने वर्ष 2012 से वर्ष 2019 तक मनरेगा के अलग-अलग मामलों में गड़बड़ी की शिकायत कर लगभग पांच करोड़ 40 लाख का अवार्ड पारित कराया। उनके प्रयास से 50 से 60 लाख का मजदूरी भुगतान भी श्रमिकों को हो सका। कई मामलों में प्रथम सूचना दर्ज भी किया गया। सरगुजा जिले के बहुचर्चित प्रोटोकाल घोटाले का पर्दाफाश कर युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी ने समाज के समक्ष यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि कैसे उच्च अधिकारी अपने ही विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं। वीवीआइपी प्रवास के नाम पर मोपेड और दोपहिया वाहनों का उपयोग कर शासकीय राशि का बंदरबांट किया जाता है। प्रोटोकाल घोटाले में एक आईएएस और दो अन्य अधिकारी तथा आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ 10 साल के बाद न्यायालय में करीब 7000 पेज का चालान पेश कराया गया। कुछ आरोपितों की गिरफ्तारी भी कराई गई। सूचना के अधिकार के तहत लगभग 372 प्रकरणों में 23 लाख 15 हजार 484 रुपये का अर्थदंड अलग-अलग अधिकारियों पर अधिरोपित कराया गया एवं क्षतिपूर्ति के रूप में 18516 रुपए प्राप्त किया गया।

युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी ने वर्ष 2010-11 में हुए अन्ना आंदोलन में सक्रियता से हिस्सा लिया था। सरगुजा संभाग में अन्ना आंदोलन का संचालन कर समाज और न्याय हित में मजबूती से कदम रखने वाले डीके सोनी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। जनहित एवं समाज हित में समय-समय पर किए गए कार्यों के कारण इन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। आम आदमी पार्टी में भी इन्होंने सक्रिय रूप से कार्य किया। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में इन्होंने भटगांव विधानसभा से चुनाव भी लड़ा था।

भ्रष्टाचार के विरोध में हमेशा खड़े रहने वाले डीके सोनी जिला न्यायालय अंबिकापुर में प्रैक्टिस करते हैं। जिला अधिवक्ता संघ सरगुजा के सक्रिय सदस्य होने के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। उनकी पहचान मिलनसार व्यक्ति के रूप में होती है जो जरूरतमंदों की मदद के लिए, उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटता। जीवन में कई चुनौतियां भी आई लेकिन उन चुनौतियों से निपटते हुए उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कभी कदम पीछे नहीं खींचा।

## इन मामलों को उजागर करने से चर्चित हुए युवा अधिवक्ता डीके सोनी

युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी ने शासकीय विभागों में वित्तीय अनियमितता के कई मामलों को समाज के सामने प्रस्तुत किया लेकिन कुछ ऐसे प्रकरण हैं जिन्होंने डीके सोनी को चर्चित कर दिया। सरगुजा जिले में हुए बहुचर्चित प्रोटोकाल घोटाला के अलावा जिला पंचायत सरगुजा में करोड़ों के कंप्यूटर घोटाला, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में हुए जीर्णोद्धार कार्य में वित्तीय अनियमितता, बलरामपुर जिले के खटवा बरदर सड़क निर्माण में गड़बड़ी, रिंग रोड अंबिकापुर के नवनिर्माण और चौड़ीकरण कार्य में अनुबंध शर्तों के विपरीत हुए काम, अंबिकापुर - रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग के बीटी पैच रिपेयरिंग में हुई गड़बड़ी के अलावा पूर्व गृहमंत्री के आय से अधिक संपत्ति एवं स्वेच्छा अनुदान राशि वितरण प्रमुख रूप से शामिल है। इनमें से कई प्रकरण छत्तीसगढ़ के राजनीतिक मुद्दे भी बने।

## ग्राम न्यायालय की व्यवस्था लागू करने के प्रयास में जुटे हैं अधिवक्ता डीके सोनी

युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी भारत देश में ग्राम न्यायालय अधिनियम का क्रियान्वयन कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। उनकी मंशा ग्राम स्तर पर सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की है। अधिवक्ता डीके सोनी लगातार जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर जनहित याचिका भी लगाते रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से सरगुजा के युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी ने सर्वोच्च न्यायालय में पूरे देश में ग्राम न्यायालय अधिनियम का क्रियान्वयन कराने जनहित याचिका प्रस्तुत की है जिसमें देश के सभी राज्यों को नोटिस जारी किया गया है। ग्राम न्यायालय अधिनियम का क्रियान्वयन करने का आदेश दिया गया है। वर्तमान में जनहित याचिका लंबित है। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में सरगुजा जिले में संचालित परसा कोल ब्लाक को लेकर जनहित याचिका भी लगाई है जिसमें कार्यवाही हुई है। वर्तमान में यह याचिका भी लंबित है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सूचना का अधिकार अधिनियम में आवेदन शुल्क 500 रुपये किया गया था जिसे लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमें 500 रुपये के स्थान पर 50 रुपये आवेदन शुल्क कराने का आदेश पारित कराया गया है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान में अवैध तरीके से ओवरलोडिंग के मामले में लगभग 200 करोड़ की वसूली कराए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में युवा अधिवक्ता द्वारा रिट याचिका प्रस्तुत किया गया है जो वर्तमान में लंबित है इसके अलावा उनके द्वारा जनहित एवं समाज हित में समय-समय पर ढेरों कार्य किए जाते हैं। न्याय के लिए संघर्ष की वजह से ही उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। युवा अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट डीके सोनी सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। समाज के हर क्षेत्र में उनकी व्यापक पकड़ के कारण लोकप्रियता भी बढ़ी है। गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए भी वे हमेशा तत्पर रहते हैं। खासकर गरीबों, जरूरतमंदों को न्यायालयीन कार्यों में उनका पूरा सहयोग और समर्थन मिलता है।

## इन पुरस्कारों ने बढ़ाया सम्मान

- युवा अधिवक्ता डीके सोनी को हैदराबाद में वर्ष 2017 में ओपी मोंगा नेशनल अवार्ड प्रदान किया जा चुका है। फोरम फार फास्ट जस्टिस संस्था के द्वारा न्याय योजना में बेहतर कार्य करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया था जिसमें एक लाख नकद और प्रशस्ति पत्र आंध्र प्रदेश के तत्कालीन विधि मंत्री एवं न्यायमूर्ति के हाथों प्रदान किया गया था।
- अधिवक्ता डीके सोनी को वर्ष 2021 में राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था के द्वारा जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के सारनाथ में प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन मंत्री श्री मत्रे चंद्रिका ने यह सम्मान प्रदान किया था। इसके अलावा वे विभिन्न संगठनों के माध्यम से समय-समय पर सम्मानित होते रहे हैं।

## इन दायित्वों का कर रहे निर्वहन

- अधिवक्ता डीके सोनी राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश अध्यक्ष हैं।
- सरगुजा सोसायटी फ़ार फास्ट जस्टिस के जिला अध्यक्ष का दायित्व भी अधिवक्ता डीके सोनी निभा रहे हैं।
- नेशनल फेडरेशन आफ सोसायटी ार फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय सदस्य का दायित्व भी उनके पास है।
- अधिवक्ता डीके सोनी पूर्व में जिला स्वर्णकार समाज के सचिव के पद पर भी पदस्थ रहे हैं।


















प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)